

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 348 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 08 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत का एशियन गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन, 107 मेडल के साथ खत्म हुआ सफर, आखिरी दिन 'गोल्डन सिक्सर'

नई दिल्ली. भारत ने एशियन गेम्स में अपना अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. भारतीय एथलीटों ने 14वें दिन यानी शनिवार को 6 गोल्ड सहित कुल 12 मेडल अपने नाम किए. 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज के साथ भारत ने मेडल टेली में चौथे स्थान पर रहते हुए अपने अभियान का समापन किया. आखिरी दिन भारत की मेंस कि- केट टीम ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया वहीं कबड्डी में भारतीय पुरुष और महिला टीम चैंपियन बने. बैडमिंटन के पुरुष युगल स्पर्धा में भारत को गोल्ड मिला वहीं आर्चरी के पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय तीरंदाजों ने गोल्ड पर निशाना साधा.




इस प्रतियोगिता में भारत ने सबसे ज्यादा पदक एथलेटिक्स में जीते. ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जैवलीन थ्रो में अपने खिताब का बचाव किया. उन्होंने 88.88 थ्रो के साथ गोल्ड पर कब्जा किया. भारतीय एथलीटों ने एथलेटिक्स में इस बार धमाकेदार प्रदर्शन किया. इस बार एथलेटिक्स में भारत ने सर्वाधिक 29 मेडल अपने नाम किए.

### भारतीय शूटर्स का धमाल

भारतीय शूटर्स ने भी चीन में अपने शानदार प्रदर्शन से खूब वाहवाही लूटी. निशानेबाजों ने इस बार 22 मेडल जीते जबकि साल 2006 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 14 मेडल का था. तब भारतीय निशानेबाजों ने दोहा में 14 मेडल जीते थे जो उनका अब तक का बेस्ट प्रदर्शन था. इनमें से 12 मेडल टीम इवेंट में आए. भारतीय पुरुष और महिला टीम ने गोल्ड जीते वहीं कबड्डी में भी भारत ने मेंस और वुमेंस वर्ग में स्वर्ण पर कब्जा किया.

### आर्चरी में गोल्डन क्लीन स्वीप

कंपाउंड आर्चरी में भारत ने 5 गोल्ड के साथ क्लीनस्वीप किया. वर्ल्ड नंबर 3 भारतीय शटलर्स सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में गोल्ड जीतकर इतिहास कायम किया. मेंस डबल्स में गोल्ड जीतने वाली यह पहली भारतीय जोड़ी है. बैडमिंटन में भारत को 3 मेडल मिली जो उसका दूसरा बेस्ट प्रदर्शन है. रेसलिंग में भारत ने 6 मेडल जीते.

### ओलंपिक का मिला टिकट

इसके अलावा कुछ एथलीटों ने 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई किया. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गोल्ड जीते वहीं बॉक्सर निकहत जरीन , प्रवीण, प्रीति और लवलीना ने ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया. इन सभी ने पेरिस ओलंपिक टिकट कटा लिया है.

## यूक्रेन निवासी यूलिया जीटो मेरास सकाई गयाजी धाम पहुंचकर किया पिंडदान एवं तर्पण.

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार )- यूक्रेन देश के निवासी यूलिया जीटो मेरास स्काई गयाजी धाम में पहुंचकर यूक्रेन में युद्ध के दौरान मारे गए अपने माता-पिता के आत्मा के शांति के लिए पिंडदान व तर्पण किया.आचार्य लोकनाथ गौड़ ने युवती ययूलिया को पूरी विधि विधान से कर्मकांड संपन्न कराया. यूलिया पेशे से साइकोलॉजिस्ट है और यूक्रेन में रहकर ऑनलाइन चीन और दूसरे देश के लिए काम कर रही है . मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए



उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान रसिया के हमले में उसके माता-पिता सहित परिवार के कई सदस्य मारे गए हैं .वहां पूरी तरह अशांति फैली भी हुई है .युद्ध अभी भी जारी है .युद्ध बंद कर शांति बहाल होनी चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि वह गयाजी धाम में यूक्रेन के लोगों के अलावे रसिया देश में भी मारे गए सभी लोगों के आत्मा के शांति के लिए यहां पिंडदान संपन्न कर रही हूं. उन्होंने आगे कहा कि विश्व में कहीं मोक्ष भूमि है, तो वह स्थान है गयाजी धाम. उन्होंने आगे कहा कि गयाजी धाम की जानकारी मुझे एक धर्मगुरु से मिली. उन्होंने आगे कहा कि गयाजी धाम में अपने पितरों व पूर्वजों के आत्मा के शांति के लिए पिंडदान करने पहुंची हूं. उन्होंने आगे कहा कि गयाजी धाम में दूसरी बार पिंडदान कर कर रही हूं. उन्होंने आगे कहा कि पहली बार जब वह आई थी, तो उन्हें काफी शांति महसूस हुआ था. अब दूसरी बार युद्ध के दौरान युद्ध में मारे गए अपने माता-पिता वह अन्य परिवार जनों के आत्मा के शांति के लिए पिंडदान करने पहुंची हूं.

## 4 शहीदों की स्मृति में औपचारिक स्मृति समारोह का आयोजन

उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरो चीफ

( दार्जिलिंग ): शनिवार को 41 वीं वाहिनी के 4 शहीदों की याद में 41 वीं वाहिनी ,सशस्त्र सीमा बल रानीडंगा परिसर शहीद स्मारक पर रीतिगत स्मरणोत्सव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । आज 41 वीं वाहिनी के शहीद मुख्य आरक्षी ( सामान्य ड्यूटी ) धर्मेश्वर नाथ , आरक्षी ( सामान्य ) दिलेश चथुरोली टी आरक्षी ( सामान्य ) प्रवीण पी . और आरक्षी ( चालक ) विवेक कुमार यादव नक्सल विरोधी अभियान ड्यूटी दंतेवाडा ( छत्तीसगढ़ ) से निर्मुक्त होकर वापस गुवाहाटी के लिए जा रहे थे ( उस समय यह वाहिनी गुवाहाटी , असम में कार्यरत थी ) । रास्ते में घात लगाकर बठे हुए नक्सलियों द्वारा काफिले के वाहन पर अयातुपुरा , बागमुंडी , जिला- दंतेवाड़ा के पास आई.ई.डी विस्फोट से हमला किया गया । जहां उपरोक्त सभी बलकर्मियों ने मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाते हुए के अपना सर्वोच्च बलिदान दिया । हर साल




7 अक्टूबर को 41 वीं वाहिनी एस.एस.बी रानीडंगा के शहीदों की याद में यह स्मरणोत्सव सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है । इस अवसर पर शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उसके बाद पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें श्री सुधीर कुमार आई.जी एस . एस . बी सीमान्त मुख्यालय सिलीगुड़ी द्वारा शहीदों को पुष्पगुच्छ समर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । तत्पश्चात श्री योगेश सिंह कमांडेंट 41 वीं वाहिनी एस . एस . बी रानीडंगा सीमान्त मुख्यालय सिलीगुड़ी एवं 41 वीं वाहिनी एस . एस . बी रानीडंगा के अन्य अधिकारी व बलकर्मियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के बलिदान को याद किया । अंत में शहीदों की याद में दो मिनट मौन रखकर समारोह का समापन किया गया ।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### गृह मंत्री अमित शाह ने की बैठक की अध्यक्षता



- उत्तराखंड के नरेन्द्र नगर में आयोजित हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक
- सदस्य राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री हुए शामिल
- बैठक में विभिन्न मुद्दों पर परिषद् के सदस्य राज्यों के बीच हुई गहन चर्चा

**समाज जागरण**

देहरादून/लखनऊ, 07 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को टिहरी के नरेन्द्र नगर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 24वीं बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्य राज्य उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू बैठक में शामिल हुए।
बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आह्वान पर मध्य क्षेत्रीय परिषद ने एशियाई खेलों में भारत द्वारा पहली बार 100 से अधिक पदक जीतकर देश का नाम रौशन करने के लिए सभी खिलाड़ियों का करतल ध्वनि से अभिनंदन करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। बैठक में मध्य क्षेत्रीय परिषद ने चंद्रयान-3 की शानदार सफलता, जी20 सम्मेलन के सफल आयोजन और संसद द्वारा ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने का भी स्वागत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर 'एक्शन प्लेटफॉर्म' के रूप में कारगर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं, इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है।

## गरीबी से लड़कर खुद से खींची अमीरी की लकीरें

### बेस्ट स्टार्ट अप आफ द ईयर के लिए इकोनॉमिक टाइम ने किया पुरस्कृत

जोकीहाट । घर की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर कि पढ़ाई छोड़कर रोजगार तलाशने दिल्ली की सड़कों पर दर दर भटकते रहे। आज वही सख्श करीब दो सौ बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़कर मिशाल कायम किया है। वाकया किसी फिल्म की नहीं बल्कि रियल लाइफ की है। जीरो से हीरो बनने वाले व्यक्ति का नाम मृत्युंजय राय, पिता ध्रुव मोहन राय है जो किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत असुरा गांव के निवासी हैं। महज पांच छह वर्ष में आज करोड़ों की कंपनी के मालिक हैं। उसके पास एक नहीं दो दो कंपनियां हैं। उनकी मां रंजना देवी, पिता ध्रुव मोहन राय ने बताया कि कनकई नदी में दस वर्ष पूर्व घर विलीन हो गया। बच्चों के पालन पोषण,पढ़ाई लिखाई, बेटी की शादी जैसी समस्यायें पहाड़ सा दिखता था । हमने मृत्युंजय को कभी पढ़ाई छोड़कर रोजगार करने की बात नहीं कही। लेकिन माता पिता के आर्थिक तंगी और दिनों-दिन बढ़ती चिंता को




देखकर मृत्युंजय ने पढ़ाई छोड़कर अपने भाग्य बदलने चुपचाप दिल्ली निकल पड़े। वक्त के थपेड़े सहकर भी उन्होंने साहस नहीं खोया। इस बीच उतार चढ़ाव आया लेकिन वे तपकर शुद्ध सोना साबित हुआ. उन्होंने बहन की शादी शाही अंदाज में कराया। वे अररिया शहर स्थित खरैया बस्ती के नंदमोहन मिश्रा के दामाद हैं। उन्होंने 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्टार्ट अप इंडिया से प्रभावित होकर क्रेडिट वाला ओनलाइन कंपनी के डायरेक्टर हैं।
आज मृत्युंजय खुद ही करीब डेढ़ से दो सौ युवाओं को रोजगार मुहैया करा रहे हैं। मृत्युंजय ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि स्टार्टअप क्रेडिट वाला का
सालाना कारोबार लगभग दस करोड़ के आसपास है । हाल ही में मृत्युंजय की कंपनी क्रेडिट वाला को दिल्ली के प्रतिष्ठित होटल रेडिशन ब्लू में इकोनॉमिक टाईम्स और फेदर टच की और से बेस्ट स्टार्ट-अप आफ द ईयर का अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिने जगत के वरिष्ठ एक्टर रजा मुराद व फेदर टच के सीईओ अंकित जोशी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। मृत्युंजय की इस उपलब्धि से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। असुरा गांव के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश झा ने बताया कि मृत्युंजय की निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धि है।

## बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गयाजी धाम पहुंचकर किया पिंडदान.



दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार )- बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर गयाजी धाम पहुंचे . जहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति को लेकर पिंडदान कर्मकांड किया. इस दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किए गए थे. सर्वप्रथम राज्यपाल गया अंतरराष्ट्रीय हवा-ईअड्डा पहुंचे, जहां से वे सड़क मार्ग से विष्णुपद मंदिर पहुंचे. इसे लेकर शहर के कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई थी. साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था. उनके पु- रोहित बच्चू लाल चौधरी के द्वारा विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में पूरे विधि-विधान के साथ पिंडदान कर्मकांड कराया गया.
इस मौके पर पुरोहित बच्चू लाल चौधरी ने कहा कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर दूसरी बार पिंडदान करने गयाजी पहुंचे हैं, उन्होंने अपने माता-पिता, चाचा-चाची, सास-ससुर सहित अन्य पितरों की मोक्ष की कामना को लेकर पिंडदान किया है. पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ पिंडदान कर्मकांड की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया है. पितरों की आत्मा को शांति मिले व परिजनों का जीवन सुखमय हो, इसी कामना के साथ पिंडदान कराया गया है.

## अफगानिस्तान में धरती कांपने से मची तबाही, जोरदार भूकंप में मरने वालों की संख्या हुई 320

काबुलः अफगानिस्तान में भूकंप के ताबड़तोड़ कई झटकों से चारों ओर तबाही का आलम है. पश्चिमी अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है. अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में 6.3 तीव्रता के कई भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 320 हो गई और सैकड़ों घायल बताए जा रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र ने यह जानकारी दी है. वहीं, अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल्ला जान ने बताया कि हेरात में जेंदा जान जिले के चार गांवों को भूकंप और झटकों से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं.

## इजरायल पर हमास ने फिर किया बड़ा हमला, आधे घंटे में दागे 150 से अधिक रॉकेट, टॉप कमांडर को किया अगवा



**यरुशलम**. हमास के आतंकवादियों ने दावा किया कि उसने शनिवार रात को दोबारा इजरायल पर रा- केट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और इस दौरान उसने करीब 30 मिनट में ही 150 से अधिक मिसाइल दागे. इजरायल के लिए परेशानी का सबब यह है कि उसके कई शीर्ष कमांडर सहित एक मंत्री के रिश्तेदार को हमास ने बंदी बना लिया है. इससे पहले, एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दौरान शनिवार सुबह को एक अभूतपूर्व अप्रत्याशित हमले में हमास के चरमपंथियों ने गाजा पट्टी के निकट इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागे और वहां दर्जनों लड़ाके भेजे, जिसमें कम से कम 200 लोग मारे गए हैं. इजराइल ने कहा कि वह अब हमास के साथ युद्धरत है और जवाबी कार्रवाई में गाजा पर ह- वाई हमले शुरू कर दिए हैं. हमला शुरू होने के कई घंटे बाद भी, हमास के चरमपंथी कई इजराइली इलाकों में गोलीबारी कर रहे हैं. हमास के इस हमले ने इजराइल को चौंका दिया है. इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा कि कम से कम 200 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं, जिससे यह इजराइल में पिछले कुछ वर्षों में सबसे घातक हमला बन गया है. इसके अलावा, अज्ञात संख्या में इजराइली सैनिकों और नागरिकों को पकड़कर गाजा में ले जाया गया है. गाजा में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में कम से कम 232 लोग मारे गए हैं और कम से कम 1,610 घायल हुए हैं.


आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

# मुफ्त का चंदन ,घिस मेरे नंदन

**दैनिक समाज जागरण**

लिखने के लिए विषयों और मुद्दों की कमी नहीं । एक खोजो हजार मिलते हैं ,लेकिन एक दिन में एक ही मुद्दे पर बात की जा सकती है। इसलिए आज बात केवल 'मुफ्त के चंदन ' की करते हैं। चंदन महकता है , माथा शीतल कर देता है । धार्मिक पहचान भी उपलब्ध करता है। संतों की भीड़ हो ,चित्रकूट का घाट हो और मुफ्त का चंदन घिस कर लगाया जा रहा हो तो मजा अलग ही है। मजे की बात मुफ्त का चंदन घिसता कोई और है तिलक कोई और लगाता है,लगवाता कोई और है । अर्थात चंदन किसी और का और श्रेय कोई और ले जाता है।

मुफ्त को लेकर हम बेहद सनातनी हैं। बालक राम के विवाह में जनक ने बारातियों को 40 लाख गायें 25 लाख रथ और न जाने क्या-क्या भेंट कर दिया था। ये मै नहीं कहता। ये बात उस राम चरित मानस में लिखी है जिसे मै पिछले पचास साल से मुफ्त में पढता आ रहा हूँ ।कहते हैं कि मुफ्त का माल हो तो बांटने और स्वीकार करने में दिल ससुरा बेरहम हो ही जाता है। गालिब मियाँ भी मुफ्त की मयनोशी को लेकर ताउम्र परेशान रहे। लेकिन मुफ्त का माल और मुफ्तखोरी हर काल में होती है । कहीं कोई कोताही नहीं। शासन का कोई भी तंत्र हो मुफ्तखोरी उसका अनिवार्य हिस्सा है। सामंतशाही हो, समाजवाद हो ,तानाशाही हो या लोकशाही हो सबको मुफ्त का माल यानि मुफ्त का चंदन घिसने और लगाने में मजा आता है।

मुफ्त का चंदन घिसना और लगना ठीक वैसा ही है जैसे ' मियां -बीबी राजी ,तो क्या करेगा काजी ?' सरकार मुफ्त का चंदन घिसती है और मतदाता लगवाता है तो सुप्रीम कोर्ट क्या कर सकता है सिवाय कोई याचिका लगाए तो सरकारों को चार हफ्ते का नोटिस देने का। सुप्रीम कोर्ट का काम सुप्रीम कोर्ट करता है और सरकार का काम ,सरकार करती है। जनता का काम, जनता करती है। हम आजादी के अमृतकाल में आ गए हैं किन्तु न मुफ्त का चंदन घिसना नहीं भूले हैं और न लगाना,लगवाना। आजादी के साथ देश में अनेक ' वाद ' आये और चले गए लेकिन मुफ्तखोरी जहाँ थीं वहां से बहुत आगे बढ़ गयी है। मंगलसूत्र से लेकर चप्पल-छाते तक आ गयी है।

पहले आपात स्थितियों में राजे-महाराजे प्रजा के लिए अनेक तर-ीकों से मुफ्त का चंदन मुहैया करते थे । जो समझदार थे वे जनता को हरामखोर बनाने के बजाय उनसे श्रम कराते और बदले में राशन-पानी मुहैया कराते थे । देश -दुनिया में चीन की दीवार और ताजमहल ,बाबरी मस्जिद , जैसे अनेक विश्व कीर्तिमान ऐसे ही बने और बिगड़े गए। देश में मुफ्तखोरी की जनक रामभक्त भाजपा नहीं ,कांग्रेस है। कांग्रेस में शुरू में दक्षिणपंथी,वामपंथी और समाजवादी सोच के लोग शामिल थे इसलिए सबने मुफ्त के चंदन की घिसाई और लगवाई के जघन्य अपराध में हिस्सा लिया। कांग्रेस ने भूल सुधार के लिए ' मनरेगा' जैसी योजना बना ली। लेकिन उसके उत्तराधिकारियों ने मनरेगा को ठिकाने लगा दिया।

आज देश में किसी भी दल की सरकार हो ,किसी भी जाति का मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री हो मुफ्त के चंदन का घिसना और लगाना नहीं रोक सकत। सब उसके समर्थक हैं। सब को मुफ्त का चंदन लगाना पुण्यकार्य लगता है। मुफ्त का माल दिल बेरहमी से लुटाता है लेकिन सत्ता का दर-वाजा आजकल इसी तरीके से खुलता है तो कोई क्या करे ?। आज मुल्क का हर तीसरा नागरि-रक मुफ्त का चंदन लगाता है और हर सरकार मुफ्त का चंदन घिसती है। सरकारों में इस बात की होड़ है कि कौन ,कितना ज्यादा मुफ्त का माल अपने मतदाताओं को मुहैया करा सकता है ? हमारे मध्यप्रदेश में तो मुफ्त का चंदन लगाने के नए विश्व कीर्तिमान बनाये हैं।

दुनिया में बहुत से मुल्क हैं जहां मुफ्त का चंदन घिसा और लगाया जाता है ,लेकिन वहां ये काम नीतिगत है। सरकार ठीक चुनाव के वक्त ही मुफ्त का चंदन घिसती और लगाती नहीं है। मुफ्तखोरी का भी एक नियम है ,एक नीति है जिसे हर सरकार को पालन करना होता है। विदेशों में जिन देशों ने केवल कुर्सी बचने के लिए मुफ्तखोरी को हवा दी उन सबकी हवा निकल गयी। बेनेजुएला हो या श्रीलंका या पकिस्तान ,सभी का भट्टा बैठ गया है । हमारा भट्टा कब बैठेगा,भगवान जाने। अभी तो हमारे यहां मुफ्तखोरी राष्ट्रीय चर-रत्र बन गया है। हम इसे लेकर कतई शर्मिंदा नहीं हैं। हमारे लिए ये गौरव का विषय है।

भारत में अक्सर लोग अपना 56 इंच का सीना ठोंक कर कहते हैं कि वे देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त का राशन दे रहे हैं। उन्हें इस बात को लेकर कोई लज्जा नहीं आती कि वे इस बड़ी आबादी के लिए रोजगार ,शिक्षा,स्वास्थ्य,मुहैया नहीं करा पाते। हमारे यहां राज्य का कर्तव्य भी मुफ्तखोरी से बाबस्ता कर दिया गया है और उसे भी अहसान की तरह जनता के सामने पेश किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर हमने कोविड के समय सभी को मुफ्त में टीके लगवाए। नहीं लगवाते तो जनता यमलोक चली जाती। ऐसा अहसान जताने वालों को लगता है कि जैसे सारा पैसा वे अपने पुरखों की कमाई में से खर्च कर रहे थे। दुसरे देशों में भी जनता को मुफ्त में टीके लगाए गए लेकिन गागराउनि केवल हमारे यहां ही गाई गयी।

जरूरतमंद जनता की मदद करने के लये राज सहायता एक अलग उपकरण था ,है। राज सहायता [सब्सिडी] में हितग्राही की भागी-दारी होती है लेकिन मुफ्तखोरी में सब कुछ सरकार का होता है। राजनीतिक दलों की फूटी कौड़ी भी इस काम में खर्च नहीं होती। सत्तारूढ़ दल सरकार के खजाने को खाली ही नहीं करता बल्कि मुफ्त के माल को बेरहमी से बाँटने के लिए सरकार के ऊपर कर्ज का भारी बोझ भी लादकर जाता है। लेकिन ये बोझ अंततोगत्वा उठाता कौन है ? यही मुफ्तखोर जनता और समाज का मध्यम वर्ग। मुफ्तखोरी में गरीब से गरीब और अमीर से आमिर शामिल है । नेता शामिल है । हम पत्रकार शामिल है। बहनें शामिल हैं ,लड़कियां शामिल है। विधवाएं शामिल हैं,बूढ़े शामिल है । दिव्यांग शामिल हैं और हट्टे-कट्टे लोग भी शामिल हैं। क्योंकि सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे जो हैं। समाजवाद इस मुफ्तखोरी में ही है।

अपने अनुभव के आधार पर मेरा दावा है कि इस मुफ्त के चंदन घिसने और लगाने के कारोबार को न कोई राजनीतिक दल त्याग सकता है और न कोई कानून ,कोई कोर्ट ,कोई आयोग इसे रोक सकता है। सबके सब किसी न किसी तरह इस मुफ्तखोरी का हिस्सा हैं। मुफ्तखोर कौम ,मुफ्तखोर मतदाता,मुफ्तखोर युवा हमारे शासक वर्ग के लिए वरदान हैं। इन्हें कोई अपने पांवों पर खड़े होने के लिए नहीं कह सकता । इनके लिए कोई योजना नहीं बना सकता। बनाये भी क्यों ,जब के काम मुफ्त का चंदन गहिसने और लगाने से ही चल रहा है। ये मामला नैतिकता से जुड़ा है। जिस समाज में,व्यवस्था में नैतिकता शेष है वहां मुफ्तखोरी को जिल्लत माना जाता है लेकिन जहाँ नैतिकता मर चुकी है उस समाज में मुफ्तखोरी जनता का जन्मसिद्ध अधिकार है। जन्मसिद्ध अधिकार पर कोई रोक नहीं लगा सकता। यकीन न हो तो देख लीजिये । चार हफ्ते बाद सरकारों का सुप्रीम कोर्ट में क्या जबाब आता है ? मजे की बात ये है कि कलिकाल में मुफ्तखोरी को आंग्ल भाषा में ' फ्रीबीज ' कहा जाता है ,जो दरअसल फ्री बिजनेस है।

**@ राकेश अचल**

# बैठकी "जातिय जनगणना का राजनीतिक परिणाम-हवा-हवाई"

**दैनिक समाज जागरण**

ए सरजी, आजादी के बाद,सत्तासीनों ने संविधान को अपने मतलब के लिये,डस्टबीन बना दिया है।मुझे संविधान




की मूल भावना अर्थात नीति निदेशक तत्वों और फिर ठूसे गये विभिन्न प्रावधानों में विरोधात्मक सूर स्पष्ट दिखते हैं लेकिन हम बाध्य कर दिये जाते हैं।--मास्टर साहब ने बैठते हीं मुद्दा रख दिया।

बात समझनी ना। तनी साफ-साफ बुझवायीं!!--मुखियाजी बकुली रखते हुए।

मुखियाजी,हमारा संविधान कहता है कि किसी नागरिक के साथ धर्म, जाति,भाषा




के नाम पर भेद-भाव नहीं किया जा सकता लेकिन दुसरी तरफ अल्पसंख्यक, बहुसंख्यक, सवर्ण, पिछड़ा,दलित आदि के नाम पर राजनीतिक गोटी सेट करने के उद्देश्य से संविधान में कचड़ा भरता चला गया।--मास्टर साहब रुके।

ठीक कहा आपने,जब भारत के सभी नागरिक समान हैं तो अल्पसंख्यक का क्या प्रश्न है!! दुसरी बात की जब भाषा,उपजाति और संप्रदायों की बात होती है तब तो सामाजिक रुप से हर कोई अल्पसंख्यक हीं दिखता है।--पारसनेता अपनी कहे।

वाह !क्या बात कही नेताजी ने! आजादी के बाद से हीं कांग्रेस ने अल्पसंख्यकवाद को अपने राजनीतिक कूटनीति का, मुख्य आधार बना रखा है।क्योंकि मुस्लिम मानसिकता, समग्र रूप से राष्ट्रवाद को स्वीकार हीं नहीं करता। ऐसी स्थिति में संविधान के नीति निदेशक तत्वों की, धज्जियां उड़ाना कांग्रेस की मजबूरी थी। बाद में, मुझे याद है- इसके विरुद्ध हिंदुत्व मुखर होने लगा तो बतौर प्रधानमंत्री बी.पी.सिंह ने 1990 में 1979 की फूट डालो राज करो,की नियत से स्थापित आयोग की रिपोर्ट को लागू कर दिया। इससे पिछड़ों को शिक्षा और नौकरी में 27 प्रतिशत लाभ तो मिला लेकिन लाभ पिछड़ों में भी अल्पसंख्यक नहीं उठा पाये।लेकिन इस चाल ने,अबतक पांव पसारते अल्पसंख्यकवाद के विकल्प हिंदू बहुसंख्यकवाद को, जातिय बहुसंख्यकवाद ने गहरी चोट दी।--डा. पिंटू मुंह बनाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर........

लेकिन डा. साहब!जातिय बहुसंख्यकवाद के आगे हिंदू बहुसंख्यकवाद ने पुनः 2014 में मोदी के नेतृत्व में रफ्तार पकड़ ली और 2019 में तो उसकी और भी गति तेज रही। अब स्थिति ऐसी बनी कि जातिय राजनीति से सत्ता सुख लेने वाले दलों के सामने गहरा संकट पैदा हो गया है। अब बेचारें विपक्षी क्या करें!! धार्मिक बहुसंख्यक के पक्ष में कोई आना नहीं चाहेगा क्योंकि अल्पसंख्यकों का हाथ से छिटक जाने का खतरा है। अल्पसंख्यक पूर्णतः मुट्ठी में रहें,इसके लिये गाहे-बेगाहे,धार्मिक बहुसंख्यक को गरियाने से भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि वो सहिष्णु प्रजाति के जीव हैं।--उमाकाका हाथ चमकाये।

काकाजी, बगैर बहुसंख्यक के चुनावी समर कैसे जीता जायेगा इसी को ध्यान में रखते हुए, मुगलों और अंग्रोजों की नीति फूट डालो,राज करो का प्रयोग विपक्षी



करने पर उतारु हैं। फिर वही फामूर्ला,जिसे 1990 में बी.पी. सिंह आजमा चूके थे,नितीश बाबुने बिहार में जातिय जनगणना करवा कर की है।--कुंवरजी बोल पड़े।

कुंवरजी, कमाल देखिये,अब बिहार की जातिय जनगणना की रिपोर्ट आ गई है तो सवाल लाजमी है कि देश के विपक्षी दल, एक ओर धार्मिक बहुसंख्यकवाद के विरोधी बनते है,फिर ये जातिय बहुसंख्यकवाद का समर्थन क्यों करते हैं!! अगर धार्मिक रूप से बहुसंख्यक का शासन बहुसंख्यकवाद मानते हैं तो जातिय बहुसंख्यक का शासन सामाजिक न्याय कैसे हो सकता है!!--मास्टर साहब ने सैद्धांतिक बात कही।



ए मास्टर साहब, भारत में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर किसी जाति विशेष की हैसियत नहीं है कि वो शासन कर सके।इसलिये एसटी,एससी,ओबीसी का क्लब बनाया गया। लेकिन ये क्लब एकजुट होकर अभी




तक किसी एक के साथ नहीं गये हैं।--पारसनेता बोले।

बाकि उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव आ बिहार में लालू यादव ओबीसी के राजनीति कइये के नु, राज कइले हा।--मुखिपाजी ने बात पकड़ी।

मुखियाजी,इन लोगों को जो सफलता मिली वो ओबीसी जातियों का जुड़ाव नहीं बल्कि यादव और मुस्लिम गठजोड़ था। अगर आप ओबीसी जातियों का वोटिंग पैटर्न देखियेगा तो इस क्लब की जातियां ओबीसीवाद से अधिक राष्ट्रवाद के नाम पर भाजपा के साथ हैं।--उमाकाका ने सही कहा।

ए सरजी,आपहुं जातिय बहुसंख्यकवाद प कुछ कहीं!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी, बिहार की जातिय जनगणना में ओबीसी बहुसंख्यक जाति के रुप में सामने दिख रहीं हैं और इस ओबीसी को अपनी ओर करने की राजनीति विपक्ष कर रहा है ताकि अल्पसंख्यकवाद और जातिय बहुसंख्यकवाद के जरिये वो सत्तासीन हो सके। लेकिन अबतक का इतिहास रहा है कि जब एक जाति विषेश का वर्चस्व कायम होने लगता है तो बाकी जातियां उसके खिलाफ खड़ी होती रहीं हैं और पही वर्चस्ववादी राजनीति में रोड़ा है। ओबीसी में कई जातियां हैं और सभी के अलग अलग नेतृत्वकर्ता। अब जो पिछड़ी जाति की पैरोकारी कर रहे हैं उन्हें, सबको समेंटना संभव नहीं। आपलोगों ने देखा है कि ओबीसी समुदाय में शामिल दुसरी जातियों ने अखिलेश यादव और लालू परिवार को नेता मानने की जगह भाजपा,नितीश, कांग्रेस या उस जाति विषेश के नेतृत्व को महत्व दिया है। वर्चस्ववादी जाति के राजनीति की राह में सबसे बड़ी बाधा अन्य ओबीसी की छोटी जातियों की एकता है क्योंकि बहुसंख्यक जाति विशेष की एकता की नकल करना स्वभाविक है।

इसलिये भले हीं जातिय बहुसंख्यकवाद का हौवा खड़ा करने की कितनी भी कोशि-शश की जाय,भारत में धार्मिक बहुसंख्यकवाद की राजनीति का भविष्य तो है लेकिन जातिय बहुसंख्यकवाद का भविष्य बिल्कुल नहीं है।-- मैं चुप हुआ।

ठीक कहनिहा ए सरजी, इ विपक्षिया सब,जातिय जनगणना के लेके जेवन हौवा खड़ा कइले बाड़े स,ओकरा में दम बा ना। बाकि राजनीति के एगो दाव खेलतारे स। बिहार चाहे यूपी में देखीं त हर जाति के आपन आपन नेता बा।खैर, अब चलल जाय।--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# भूपेन हजारिका

जीवन परिचय

डॉ. भूपेन हजारिका बहुझआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। असमझरत्न हजारिका जी असम अथवा भारत के ही नहीं पूरे संसार के लिए वे एक विश्व रत्न थे। वे संगीत रचनाकार, सुरकार, संगीतकार, संगीतझ निर्देशक, वाद्यझयंत्र वादक, अभिनेता, सिनेमा निर्देश-ाक तो थे ही साथ ही साथ एक अच्छे कवि, गद्यकार, निबंधकार, नाट्यकार आदि भी थे। वे समन्वयवादी थे, कल्याणकारी थे, शांतिदूत थे। वे मानवतावादी थे, मानव के कल्याण के लिए स्वप्नद्रष्टाथे।[1]

**जन्म**

भूपेन हजारिका का जन्म सन 1926 के 8 सितम्बर को शदिया (असम) में हुआ था। नीलकांत हजा-रिका उनके पिता थे। वे स्कूल उपझपरिदर्शक थे। बाद में वे एस.डी.सी. बने थे। माँ का नाम था शांतिप्रिया हजारिका। भूपेन हजारिका के सात भाई और तीन बहने थीं। वे ज्येष्ठ थे।[1]

**शिक्षा**

बचपन में भूपेन हजारिका की शिक्षा गुवाहाटी के सेणाराम हाईस्कूल में, धुबुरी की एक पाठशाला में, फिर गुवाहाटी के कॉटन कलेजियेट स्कूल में और अंत में छठी कक्षा में (सन 1935 में) तेजपुर स-रकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में हुई। सन 1940 में तेजपुर से वे मैट्रिक की परीक्षा पास करते हैं। सन 1941 में कॉटन कॉलेज में (उच्चत्तर माध्यमिक कला शाखा में) दाखिला लिया। सन 1942 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में स्नातक में उनका दाखिला होता है। सन 1944 में सम्मानसह शिक्षा में स्नातक की उपाधि मिलती है। सन 1946 में उसी विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि मिलती है। सन 1949 को वे पी.एच.डी. हेतु अमर-ीका की यात्रा करते हैं। सन 1952 में कोलम्बिया विश्वविद्यालय से पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त होती है। उनकी गवेषणा का विषय था

दाम्पत्य जीवन

भूपेन हजारिका की 23 वर्ष की उम्र में ही सन 1950 में 1 अगस्त को न्यूयार्क शहर में प्रियम पटेल के साथ उनकी शादी होती है। प्रियम काम्पला, युगांडार के प्रसिद्ध चिकित्सक मूलजी भाई पटेल और उनकी पत्नी मणिबेन पटेल की बेटी हैं। इनका मूल निवास स्थान गुजरात है। गुजरात के नियम के हिसाब से औरत के स्वामी का नाम और बेटाझबेटी को बाप का नाम बीच में लिखने की परम्परा है। इसी कारण पत्नी का नाम शादी के पश्चात प्रियम भूपेन हजारिका (अथवा प्रियम बि. हजारिका) और बेटे का नाम कोल्लाक भूपेन्द्र हजारिका (अथवा कोल्लाक बि. हजारिका/पूर्णांग भूपेन्द्र हजारिका/तेज भूपेन्द्र हजारिका) पड़ा। कोल्लाक को असम के लोग तेज हजारिका से ही जानते हैं। कोल्लाक न्यूयार्क में तथा प्रियम कनाडा में रहती हैं। कोल्लाक व्यवसाय करते हैं।

**गीत संगीत का सफर**

भूपेन हजारिका एक बहुमुखी प्रतिभा संपन्न कलाकार थे। बचपन में ही उन्होंने अपना पहला गीत लिखा और 10 वर्ष की आयु में उसे गाया भी। असमिया भाषा की फि ल्मों से भी उनका नाता बचपन में ही जुड़ गया था। उन्होंने असमिया भाषा में निर्मित दूसरी फि ल्म इंद्रमालती के लिए 1939 में बारह वर्ष की आयु में काम भी किया। सुर सम्राट हजारिका ने करीब 70 साल तक अपनी आवाज से पूर्वोत्तर के साथ बॉलीवुड में भी छाए रहे। हजारिका ने अपनी फि ल्म का निर्देशन 1956 में किया। उन्होंने एरा बतर सुर से अपनी फि ल्म का पहला निर्देशन किया।

# निरंतर परिश्रम, संयम और संकल्प लक्ष्य प्राप्ति के प्रमुख अवयव।

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं' जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को स-ॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक का-रक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार , चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# हर बुधवार 'शक्ति दीदी' आएंगी, समस्याओं का समाधान संग लाएंगी

**महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित योगी सरकार ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू की मुहिम**

**मुहिम के तहत प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन 2 महिला पुलिस कर्मियों की टीम विभिन्न स्थानों पर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में देगी जानकारी**

**ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर भी रहेंगी मौजूद**

**शहरी क्षेत्रों में भी मोहल्लावार कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी, मिशन शक्ति योजना के अगले चरण के लिए गृह विभाग प्रस्तावित रूपरेखा पर करेगा काम**

लखनऊ, 7 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित योगी सरकार ने अब महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करने की मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन 2 महिला पुलिस कर्मियों (शक्ति दीदी) की टीम गांव और शहरों में विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में जानकारी देंगी और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करेंगी। यही नहीं, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करके वो उनकी समस्याओं का निदान भी कराने का प्रयास करेंगी। ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर व अन्य भी मौजूद रहेंगी। शहरी क्षेत्रों में भी मोहल्लावार इसी प्रकार से कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को समर्पित योगी सरकार की मिशन शक्ति योजना के अगले चरण के लिए विभागवार कार्ययोजना का निर्धारण कर दिया गया है। गृह विभाग को शक्ति दीदी के रूप में प्रस्तावित रूपरेखा पर कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 3 बिंदुओं पर महिलाओं से किया जाएगा संवाद

ग्राम, न्याय पंचायतों के साथ शहरी क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से 'शक्ति दीदी' द्वारा अन्य सरकारी विभागों के कर्मियों से समन्वय कर 3 प्रमुख बिंदुओं पर ग्राम और न्याय पंचायत की महिलाओं के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। इनमें पहला बिंदु महिला सुरक्षा पर जागरूकता का प्रसार करना होगा, जबकि दूसरा बिंदु विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना होगा। वहीं तीसरा बिंदु महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व फोरम के संबंध में जानकारी प्रदान करना होगा।

### महिलाओं को समर्पित कानूनों के प्रति दी जाएगी जानकारी

पहले बिंदु यानी महिला सुरक्षा के तहत शक्ति दीदी का मुख्य संदेश महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना होगा। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न प्रमुख कानूनों जैसे घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज निषेध, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, अनैतिक व्यापार निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम एवं भारतीय दंड संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराध आदि की जानकारी देना होगा। उन्हें ये भी बताया जाएगा कि कैसे वे इन कानूनों का उपयोग करके अपने खिलाफ होने वाले अपराधों को रोक सकती हैं।

### महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के विषय में किया जाएगा जागरूक

इसी तरह शक्ति दीदी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करेंगी। इनमें वो योजनाएं होंगी, जो योगी सरकार ने मुख्यतः महिलाओं को ध्यान में रखकर शुरू की हैं। चाहे वो मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हो, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग करेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी), राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेंटर सेफ सिटी योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, यूपी भाग्य लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना हो या महिला ई-हाट योजना। इन सभी योजनाओं के बारे में हर तरह की जानकारी देने के साथ ही इनका लाभ लेने के लिए क्या कदम उठाए जाएं, इस विषय पर भी जागरूक करेंगी।

### हेल्पलाइन नंबर और फोरम के विषय में किया जाएगा अवेयर

शक्ति दीदी महिलाओं को महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के लिए योगी सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर और फोरम के संबंध में भी जानकारी प्रदान करेंगी। महिलाओं को वुमेन पावर हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्प लाइन नम्बर-1026. चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर -1098, वन स्टाप सेंटर-181 साइबर हेल्प लाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एंबुलेंस सेवा- 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विषय में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# दशहरा व दीपावली के अवसर पर मनोरंजन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए लेनी होगी अनुमति।

## बिना अनुमति के कार्यक्रम का आयोजन होता पाए जाने पर होगी विधिक कार्रवाई।

**समाज जागरण**

जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला मनोरंजन कर अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने मनोरंजन कार्यक्रमों के स्वामियों/संचालकों/ प्रबन्धकों का आह्वान करते हुये जानकारी दी है कि दशहरा व दीपावली के अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थलों पर लगने वाले मेलों में मनोरंजन की परिभाषा से आच्छादित कोई प्रदर्शन, प्रस्तुतीकरण, आमोद, खेल, कीड़ा (घुड दौड़ सहित), वीडियोगेम, झूले, गीत-संगीत, नृत्य, डी. जे. डांडिया अथवा अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों आदि का आयोजन होना सम्भाव्य है। इसके साथ ही जनपद में संचालित होटल, पव, रेस्टोरेन्ट, क्लब, पार्क, मॉल्स तथा अन्य स्थानों यथा-एक्सपोमार्ट, बुद्ध इण्टरनेशनल सर्किट आदि में भी विभिन्न प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन होना सम्भावित है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम चाहे कर मुक्त हो या कर देय हो दोनों ही स्थितियों में उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 यथा संशोधित उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम, 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी जिलाधिकारी से आनलाइन अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया की ऑनलाइन अनुमति के लिए विद्युत और अग्नि सुरक्षा, कानून और व्यवस्था, लोक व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए समुचित सावधानी के साथ-साथ वायुप्रशीतन एवं वातानुकुलन सुविधा एवं अन्य विद्युत स्थापना की समुचित व्यवस्था का प्रमाण-पत्र सम्बन्धित विभाग से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बिना सक्षम प्राधिकारी अनुमति के किये जाने वाले कार्यक्रमों को बन्द कराने के साथ-साथ आवश्यक विधिक कार्यवाही भी की जायेगी, जिसमें 20,000 रुपए का अर्थदण्ड अथवा छः माह की कैद या दोनों से दण्डित किये जाने का प्राविधान है।

उन्होंने जनपद के समस्त मनोरंजन कार्यक्रमों के स्वामियों / संचालकों/प्रबन्धकों को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्रों के साथ नियमानुसार अनुमति सक्षम प्राधिकारी से आनलाइन प्राप्त करने के लिए निवेश मित्र पर विभागीय पोर्टल पर 30 दिन पूर्व आवेदन करके अनुमति प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें तथा नियमानुसार देय जी0एस0टी0 भी जमा करायें। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# ग्रेटर नोएडा में टॉय और फर्नीचर पार्क के साथ ही ओडीओपी व एमएसएमई संबंधी उद्योगों की ओर योगी सरकार ने बढ़ाए कदम

**-यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना के साथ ही ओडीओपी व एमएसएमई उद्योगों को नई स्कीम के जरिए भूमि उपलब्ध कराने पर कर रहा फोकस**

**-यीडा ने सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए नई स्कीम के जरिए मांगे आवेदन**

**-27 अक्टूबर तक किया जा सकेगा आवेदन, 17 नवंबर को ड्रॉ का रिजल्ट जारी कर सफल आवेदकों की लिस्ट की जाएगी जारी**

**-स्कीम में प्लॉट लेकर 240 प्रकार के उद्योगों, 24 प्रकार के हस्तशिल्प, टॉय व 9 तरह के ओडीओपी प्रोडक्ट्स की मैनुफैक्चरिंग संबंधी यूनिट लगा सकेंगे उद्यमी**

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा, 7 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने के साथ ही योगी सरकार प्रदेश को सूक्ष्म व लघु उद्योगों के एमर्जिंग हब के तौर पर भी स्थापित कर रही है। ग्रेटर नोएडा में टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना करने व इस परियोजना में रिक्त प्लॉट्स के आवंटन के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने स्कीम शुरू की है। स्कीम के जरिए सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए आवेदन मांगे हैं। 27 अक्टूबर तक इस स्कीम में भूमि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा सकता है और 17 नवंबर को ड्रॉ के जरिए सफल आवेदनकताओं की सूची जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लाई गई इस स्कीम में प्लॉट लेने वाले उद्यमी 240 केटेगरीज के अंतर्गत आने वाले उद्योगों, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) 24 प्रकार के हस्तशिल्प, टॉय व 9 तरह के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) की मैनुफैक्चरिंग संबंधी यूनिट लगाने में सक्षम होंगे।

### 13542 प्रति स्क्वायर मीटर रेट के हिसाब से होगा अलॉटमेंट

यीडा की वेबसाइट पर संबंधित स्कीम की दी गई जानकारी के अनुसार, स्कीम में कुल 3 स्तर के भूखंडों में से कुल 109 प्लॉट्स का आवंटन इस प्रक्रिया के जरिए होगा। इसमें से भी 95 प्रतिशत भूखंड निर्धारित केटेगरी के तहत यूनिट्स लगाने के लिए व 5 प्रतिशत भूखंड स्टार्ट अप्स के लिए रिजर्व्ड रखे जाएंगे। वहीं, स्कीम में 13542 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से कुल प्रीमियल अमाउंट 60.93 लाख से लेकर 5.41 करोड़ के बीच निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत टॉय पार्क के लिए सेक्टर 33 में 1800 स्क्वेयर मीटर के कुल 5 प्लॉट्स बुक किए जाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन अमाउंट 24.37 लाख होगा तथा कुल प्रीमियम अमाउंट 2.43 करोड़ रुपए रहेगा। वहीं ओडीओपी व फर्नीचर पार्क केटेगरी के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदकों को 60.93 लाख रुपए से लेकर 4.06 करोड़ रुपए का टोटल प्रीमियल निर्धारित किया गया है। इस केटेगरी में कुल 41 प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसमें से 2 प्लॉट्स स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 6 चरणों में कुल 63 प्लॉट्स का आवंटन प्रक्रिया के जरिए होगा जिसमें से 61 संबंधित केटेगरी व 02 अलॉटमेंट्स स्टार्टअप्स के लिए होगा। इन प्लॉट्स का कुल प्रीमियम अमाउंट 40.62 लाख से लेकर 5.41 करोड़ रुपए के बीच रहेगा।

### वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज का मिलेगा लाभ

उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ इस योजना के अंतर्गत प्लॉट लेकर मैनुफैक्चरिंग यूनिट लगाने वालों को मिलेगा। इस परियोजना के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता अगरबत्ती, एक्स रे मशीन से लेकर टेक्सटाइल समेत कुल 240 प्रकार के उद्योगों में से कोई एक औद्योगिक संयंत्र लगा सकते हैं। वहीं, चिकनकारी, बांस के उत्पाद समेत 24 प्रकार के हस्तशिल्प उत्पादन संयंत्र को सफल आवेदनकर्ता स्थापित कर सकते हैं। इसी प्रकार ओडीओपी केटेगरी के तहत स्कीम के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर व कासगंज की जरीदोजी, लखनऊ की चिकनकारी, वाराणसी की सिल्क साड़ियां व मिजार्पुर की कालीन समेत 9 प्रकार की ओडीओपी लिस्टिंग्स के तहत उत्पादों का उत्पादन करने वाला संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 27 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं।

## निर्भया योजना के तहत बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल लगेगा

योजना के लिए किया गया त्रि-स्तरीय समिति का गठन

100 बस स्टेशनों पर एलइडी डिस्पले पैनल्स एवं यात्री उद्घोषणा तंत्र की होगी स्थापना

लखनऊ तथा गाजियाबाद क्षेत्र की बसों में वीएलटी उपकरण एवं पैनिक बटन लगाने का कार्य शुरू

लखनऊ, 7 अक्टूबरः योगी सरकार की ओर से निर्भया योजना के अन्तर्गत बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल लगाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश परिवहन निगम के अधिकारियों को दिया गया है। परियोजना के अंतर्गत 100 बस स्टेशनों पर एलइडी डिस्पले पैनल्स एवं यात्री उद्घोषणा तंत्र की स्थापना की जानी है। इसमें से 85 बस स्टेशनों की सूची अंतिमकृत कर ली गई है। शेष बस स्टेशनों की सूची शीघ्र ही उपलब्ध कराई जाएगी।

4 माह में करना होगा क्रियान्वयन

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि एनईसी कारपोरेशन संस्था के साथ निगम का अनुबन्ध हो चुका है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 04 माह का समय निर्धारित किया गया है। परियोजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संस्था को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा। परियोजना में लखनऊ तथा गाजियाबाद क्षेत्र की बसों में वीएलटी उपकरण एवं पैनिक बटन की स्थापना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है तथा शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों में यह कार्य प्रारम्भ होगा।

### क्षेत्रीय प्रबन्धक होंगे समिति के अध्यक्ष

प्रत्येक चिह्नित बस स्टेशन पर एलईडी डिस्प्ले पैनल के लिए उपयुक्त स्थान के चयन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर त्रि-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक अध्यक्ष, बस स्टेशन से सम्बन्धित डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक संयोजक सदस्य एवं सेवा प्रदाता संस्था मै० एनईसी के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में होंगे। समिति द्वारा स्थल के चयन में इस बात का ध्यान रखना होगा कि डिस्प्ले पैनल को ऐसे स्थल पर लगाया जाये, जहां से यात्रियों हेतु अच्छी विजिबिलिटी रहे, पावर सप्लाई एवं इन्टरनेट कनेक्टिविटी सुगमता से उपलब्ध हो सके। पोल माउन्टिंग से डिस्प्ले पैनल लगाये जाने की स्थिति में यह सुनिश्चित अवश्य करना होगा कि इससे बसों के आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो तथा किसी बस से टकराने की संभावना न हो।

# स्वस्थता अभियान के अन्तर्गत जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर ने प्लास्टिक डिसपोजल मशीन का किया उद्घाटन।



माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 02-10-2023 से दिनांक 08-10-2023 तक गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किये जाने निर्देशित किया गया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 07.10.2023 को माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर द्वारा न्यायालय परिसर, गौतमबुद्धनगर में प्लास्टिक डिशपोशल मंशीन का उद्घाटन किया गया। माननीय महोदय द्वारा बताया कि इस मंशीन से प्लास्टिक बोतल का डिस्पोशल किया जाता है। उक्त मंशीन के लगने से न्यायालय परिसर में साफ सफाई रहेगी एवं प्लास्टिक की वस्तुओं का डिशोपल उक्त मंशीन द्वारा किया जायेगा। शिविर में बताया कि जिस प्रकार से हम अपने घर पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते है इसी प्रकार अपने कार्यालय स्थल व अन्य स्थानो पर पाये जाने वाली गंदगी को देखने पर तुरंत उसकी साफ-सफाई करें व कराये और अपने आस पास के क्षेत्रों में पायी जाने वाली गंदगी को भी साफ-सफाई कराया जाये, जिससे इस स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने में हम सब की भागीदारी रहे। उक्त अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अवनीश सक्सैना, श्री प्रदीप कुमार, अपर जिला जज-प्रथम, श्री विकास नागर, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश, पॉक्सों एक्ट, श्रीमती मोना पंवार, अपर जिला जज-पंचम, श्री रणविजय प्रताप सिंह, अपर जिला जज/एफटीसी-प्रथम, श्रीमती प्रिंयका सिंह, अपर जिला जज/एफटीसी-द्वितीय, श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री सुशील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री जयहिंद कुमार सिंह, सिविल जज सी0डि0, श्री प्रदीप कुशवाहा, सिविल जज, सी0डि0/एफटीसी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं खनन अधिकारी की एक और बड़ी कार्रवाई।

## मिट्टी के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर 1 डंपर किया गया जप्त।




डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध खनन एवं बालू व मिट्टी के परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा निरंतर अभियान चला कर जनपद में कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में जिला खान अधिकारी रणजीत निर्मल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस देर रात्रि डिप्टी कलेक्टर विवेकानंद मिश्रा, खान अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष दनकौर ने औचक निरीक्षण के दौरान यमुना एक्सप्रेस वे के सेक्टर 22ई से एक डंपर मिट्टी का अवैध खनन व परिवहन करते हुआ पकड़ा। जिला खान अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए डंपर को आगे की कार्यवाही के लिए थाना अध्यक्ष दनकौर को सुपुर्द किया गया है। जिला खान अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# छेड़खानी व गर्भवती महिला से मारपीट के दौरान नवजात शिशु के मृत्यु कारित करने के मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**सामाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**

वाराणसी। प्रभारी सत्र न्यायाधीश (राकेश पांडेय) अदालत ने मदरसे में नौकरी के नाम पर छेड़खानी व गर्भवती महिला से मारपीट के दौरान नवजात शिशु के मृत्यु कारित करने के मामले में आरोपी काजी सदुल्लापुरा, थाना जैतपुरा, रिजवा अहमद की अग्रिम जानता अजी को खारिज कर दिया। अदालत ने अग्रिम जमानत अजी का विरोध प्रभारी डीजीसी मुनीब सिंह चौहान व वादी के अधिवक्ता वरुण प्रताप सिंह ने किया।

अभियोजन के अनुसार बुनकर कालोनी निवासीय वादिनी मदरसा दायरतुल इस्लाह चिरागे उलूम में 2007 से प्राइवेट नौकरी पर 22 फरवरी 2009 को आधुनिक पद पर शिक्षिका के रूप में वहां पढ़ा रही हूँ। रिजवान अहमद ने मेरी सरकारी नियुक्ति के लिए मुझसे कहा था। 14 जून 2023 को रिजवान ने मास्टर बेलाल अहमद को मेरे घर 2 लाख रूपया सरकारी फाइल तैयार करने के नाम पर मांगा उसके बाद ये कहे रहे है कि तहतानिया की कीमत 15 लाख है। 15 लाख दोगी तो मैं सरकारी भर्ती करूंगा। 28 जून 2023 को उन्होंने बेलाल से कहलवाया आज मदरसे में आकर अपना रूपया लेलो जब वह आई तो उन्होंने मुझे एक कमरे में ले गए और कहा तुम अगर 13 लाख नहीं दे पा रही हो तो तुम मेरे साथ सम्बन्ध बना लो मैं तुम्हें सरकारी कर दूंगा। मैंने कहा मेरे पेट मे बच्चा है तो ये बोले कुछ होगा नहीं बस एक बार जब उसने रिजवान को धक्का दिया तो ये मुझें खींच कर गिरा दिया और मेरे पेट मे बच्चा होने की वजह से मेरे पेट मे दर्द होने लगा मेरी हालत बहुत ही खराब हो गई है। फिर कुछ लोग मुझे अस्पताल लेते हुए जहां पर पेट मे पल रहे बच्चे की जन्म से पहले मृत्यु हो गयी। बताते चले कि पीड़िया ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए जैतपुरा थाने पर गयी थी, लेकिन वहाँ पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने मुख्यमंत्री को खून से लिखा पत्र भेजा था। उसके बाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ संपन्न।

## मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह ने तहसील दादरी में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सुनी जनता की शिकायतें।

**गौतम बुद्ध नगर 07 अक्टूबर, 2023**

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 213 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 13 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह ने दादरी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। दादरी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 145 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 7 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 14 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 54 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 04 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# योगी सरकार का फार्मा पार्क विश्व में जमाएगा यूपी की धाक

**- जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में विकसित किया जा रहा अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क**

**- ललितपुर में दो हजार एकड़ में बन रहा बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल पार्क**

लखनऊ, 7 अक्टूबरः उत्तर प्रदेश को फार्मा एवं बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हब बनाने के लिए जुटी योगी सरकार पीलीभीत और ललितपुर में फार्मा पार्क विकसित कर रही है। इसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं यहां सैकड़ों उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। यह जानकारी हाल ही में कुर्सी रोड के बायोटेक पार्क में एडवाइजरी कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में साझा की गयी। बैठक में देश भर के बायोटेक और फार्मा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए थे।

### ललितपुर में दो हजार एकड़ में विकसित किया जा रहा फार्मा पार्क

बैठक में नई फार्मा पालिसी-23 के तहत भारत सरकार को बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक में विशेषज्ञों को बताया गया कि योगी प्रदेश को मेडिकल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में जोर शोर से काम कर रही है। इसके तहत योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क विकसित कर रही है, जहां 100 से ज्यादा उद्योग स्थापित होंगे। इसी तरह बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल के निर्माण के लिए ललितपुर में दो हजार एकड़ में अत्याधुनिक फार्मा पार्क को विकासित किया जा रहा है। इसके निर्माण से देश अन्य देशों से मंगाए जाने वाले उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा। इससे भारत दूसरे देशों को भी उपकरण और दवाएं सप्लाई कर सकेगा। मालूम हो कि भारत को विश्व में दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले विश्व फामेर्सी के लिए जाना जाता है। यहां से करीब दो सौ देशों को दवा सप्लाई की जाती है। बायोटेक टेक्नोलॉजी के विकास, स्किल डेवलपमेंट के लिए बायोटेक पार्क में बनेगी विंग योगी सरकार पीलीभीत में अत्याधुनिक बायोटेक पार्क बनाने की दिशा में योजना तैयार कर रही है। इसके निर्माण से देश फर्मेंटेशन पर आधारित वस्तुओं के आयात को कम कर सकेगा। वहीं बैठक में बायोटेक टेक्नोलॉजी इंस्ट्टीयूट के विकास, स्किल डेवलपमेंट एवं इंक्यूबेशन के लिए बायोटेक पार्क में विंग स्थापित करने पर सहमति बनी। इसमें 400 फामेर्सी और बायो टेक्नोलॉजी संस्थान के छात्रों को रोजगार और स्वरोजगार में सहायता मिलेगी। के साथ वैज्ञानिकों को बायोटेक पार्क में अपनी नई तकनीकी का विकास कर प्रदेश को कैसे मजबूत करें इस पर भी मंथन किया जाएगा।

# डेंगू सहित अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में जिलाधिकारी ने की बैठक

**सामाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः जिलाधिकारी श्री एस राजलिंगम की अध्यक्षता में डेगू नियंत्रण और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा रायफल क्लब सभागार में की गई। जनपद वाराणसी में डेंगू के वर्तमान संचरण काल के दृष्टिगत किए जा रहे प्रयासों और आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी, शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक व लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा अपने चिकित्सालय में की जा रही जांच उपचार और नवाचारों के विषय में बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इंटीग्रेटेड कमांड सेंट्रल सिगरा से डेंगू नियंत्रण की गतिविधियां संचालित की जाएं साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में डेंगू मरीजों की लोकेशन, हॉटस्पॉट व हॉटस्पॉट के अंदर फागिंग और छिड़काव की गतिविधियों का अंकन और मैपिग करके डिस्प्ले किया जाए।कमांड सेंटर में आने वाली प्रत्येक कॉल को रिसीव करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सलाह दी जाए। इसका एक रजिस्टर अलग से बनाया जाए जिसमें कॉल के सभी विवरण अंकित किए जाएं।यदि किसी व्यक्ति को फीवर से संबंधित शिकायत है और इस संबंध में जांच और उपचार संबंधी जानकारी चाहिए तो कमांड सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 0542 27 2 000 5 पर संपर्क करें।स्मार्ट सिटी को उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक चौराहे पर डिस्प्ले के माध्यम से आम जन को संचारी रोगों के विषय में क्या करें व क्या ना करें की जानकारी दी जाए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों में शिफ्टवार चिकित्सकों की ड्यूटी के साथ ही सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों को पूरी तरह अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए।

# उ.प्र.शासन की महत्वाकांक्षी जनोपयोगी रोजगार सेवा एवं जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत आज ही "सेवा मित्र" पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं और अपना ऑनलाइन बिजनेस बढ़ाएं

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद । संपूर्ण उत्तर प्रदेश सहित में जनपद में भी सेवामित्र जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें, टैंट सेवा, आर्किटेक्ट, कैटर्स, पेंटर्स, कारपेंटर्स, ट्रैवलर्स, डायग्नोस्टिक बिल्डिंग कोंस्ट्रक्टर्स एवं इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेवाओं जैसे 20 से भी अधिक ट्रेड शामिल किए गए हैं।

**यूपी सेवा प्रदाता एवं ग्राहक लॉगइन प्रक्रिया**

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए सबसे पहले सेवायोजन की सेवा मित्र और आधिकारिक वेबसाईटsewamitra.up.gov. in के होम पेज पर पर जाएं यहां सेवा प्रदाता और ग्राहक Login का एक विकल्प दिखाई देगा। आप सेवा प्रदाता है तो उस विकल्प पर क्लिक कर अपनी लॉगिन आईडी बनाएं। इसके लिए पेज पर कुशल कामगार रजिस्ट्रेशन का विकल्प दिखाई देगा। जिसे, क्लिक कर न्यू पेज पर दिखाई दे रहे फॉर्म में पूछी गई सभी जानकारी को अच्छे से भरना है। यदि, आपके पास पहले से ही लॉगिन आईडी है तो, उसे लॉगिन करें और अगर आप ग्राहक हैं तो, ग्राहक लॉगिन का विकल्प क्लिक करें। इसके पश्चात आप अपनी लॉगिन आईडी बनाएं।

**कौन कर सकता है आवेदन ?**

इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए उत्तर प्रदेश के मूल निवासी एवं बेरोजगार वे, व्यक्ति



जो, कुशल कारीगर हैं। पात्रता की श्रेणी में आते हैं।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए अपने मोबाइल के प्ले स्टोर से सेवा मित्र ऐप डाउनलोड व इंस्टॉल कर आवेदन कर सकते हैं।

प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी फिरोजाबाद खुशबू शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि, कुशल कामगारों के साथ साथ आर्थिक रूप से कमजोर, उन बेरोजगारों को जिनके पास व्यावसायिक गतिविधियों को संचालित करने के लिए दुकान नहीं है। स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सेवा मित्र पोर्टल, एप तथा कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 155330 को विकसित किया गया है। जिसका उद्देश्य, स्थानीय कुशल कामगारों को रोजगार और उपभोक्ता को सेवाएं प्रदान करना है।

इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों में सिर्फ, आधार कार्ड, मूलनिवासी पत्र, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो, कुशल कारीगर का प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण एवं पुलिस वेरिफिकेशन की आवश्यकता होती है।

इससे, प्रशिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और इलेक्ट्रिशियन, ब्यूटीशियन, प्लंबर, एसी मैकेनिक, कंप्यूटर मैकेनिक, कारपेंटर आदि की आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सिर्फ, एक क्लिक में अब, सुविधायें ही प्राप्त होंगी।

अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला सेवा योजना अधिकारी फिरोजाबाद से संपर्क या टोल फ्री नंबर 155330 और हेल्पलाइन नंबर 1800 180 5307 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की सीबीएसई बोर्ड की कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन

फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत 31 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस- 2023 के विद्यालय स्तरीय एवं जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन के संदर्भ में सीबीएसई बोर्ड फिरोजाबाद की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अमेजिंग वर्ल्ड, सिरसागंज में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन, अमेजिंग वर्ल्ड के निदेशक अंशुल खंडेलवाल के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ देश दीपक गुप्ता, अश्वनी कुमार जैन, सुखेन्द्र यादव, अंशुल खंडेलवाल ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया।

डॉ देश दीपक गुप्ता ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य से कहा कि विज्ञान की सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रतिभाग कराएं। अंशुल खंडेलवाल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना है। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कोई मॉडल नहीं बनना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में निम्न आयु वर्ग 10- 14 वर्ष तथा उच्च आयु वर्ग 14- 17 वर्ष होते हैं। एक समूह में अधिकतम दो प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। जिसमें एक समूह प्रमुख एवं एक समूह सदस्य रहेगा। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत गूगल फार्म



पर भरना होगा। इससे सम्बंधित उपविषय एवं संबंधित परियोजनाओं, फॉर्म ए, विषय से संबंधित यूट्यूब वीडियो, बाल वैज्ञानिकों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म आदि सामग्री जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य समूह एवं अन्य समूह पर भी प्रेषित की जा चुकी है। जिससे प्रतिभागियों को सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों जैसे :- पराली, जलीय जीवों पर मौसम का प्रभाव, डेंगू आदि परियोजना के माध्यम से प्रोजेक्ट प्रस्तुतिकरण के तरीकों को समझाते हुए प्रोजेक्ट फाइल को लिखने के साथ दैनंदनी एवं चार चार्टों का विस्तार से उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री ललिता वशिष्ठ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के निदेशक जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय शर्मा, डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंधक देव शरण आर्य, आर डी पब्लिक स्कूल के दिलीप जादौन, यूरो एकेडमी के प्रबंधक प्रदीप जादौन, त्रिलोक मेमोरियल स्कूल के प्रिंस सिंह, नर सिंह ग्लोबल एकेडमी के नितिन सिंह, राम शरण विद्या निकेतन की प्रबंधक श्रीमती गरिमा आर्य, आइडियल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजली गुप्ता, बाल कल्याण इंटर कॉलेज के प्रबंधक रवी यादव, इंदिरा मेमोरियल स्कूल के सी वी सिंह, आनंद शर्मा, बी आर स्कूल की श्रीमती पूनम, अनुज शर्मा, देवस्थली एकेडमी के प्रबंधक विनोद अवस्थी, श्रीमती रुचि खंडेलवाल, गुंजन चतुर्वेदी, जवाहरलाल, राघवेंद्र सिंह, गणेश गुप्ता एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# स्वास्थ्य निदेशक उत्तर प्रदेश और अपर स्वास्थ्य निदेशक आगरा जोन ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण निरीक्षण में सारी व्यवस्थाएं सही पाई।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। चिकित्सा एवंस्वास्थ्य निदेशक उत्तर प्रदेश और अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा आगरा परिक्षेत्र ने शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया निरीक्षण में उन्हें सारी व्यवस्थाएं सही मिली चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशक उत्तर प्रदेश डॉक्टर सी पी कश्यप और अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा आगरा परिक्षेत्र डॉक्टर चंद्रशेखर शनिवार की दोपहर अचानक जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने सौसैया अस्पताल और जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड के अलावा सेंट्रल लैब का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण में सारी व्यवस्थाएं सही पाई गई और डॉक्टरों से भर्ती रोगियों के उपचार के बारे में जानकारी हासिल की निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलबीर सिंह ने बताया की निरीक्षण के दौरान उक्त दोनों अधिकारियों को सारी



व्यवस्थाएं सही मिली उन्होंने बताया वर्तमान में चल रहे वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है उन्होंने बताया वर्तमान में डेंगू रोग से संबंधित कुल 9 मरीज भर्ती हैं। जिनका उपचार चल रहा है रोगियों के उपचार के लिए सभी दवाएं मौजूद हैं और खून की जांच के लिए भी सभी व्यवस्थाएं मौजूद है। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के कारण वायरल फीवर पैर पसार रहा है उन्होंने बताया बदलते मौसम में वायरल फीवर के मध्य नजर पीड़ित को अधिक पानी पीना चाहिए और पेरासिटामोल गोली के अलावा अन्य उपयोगी दवाओका सेवन करना चाहिए निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉक्टर रामवदन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ नवीन जैन, डॉक्टर अभिषेक, डॉक्टर गौरव गुप्ता आदि चिकित्सक मौजूद थे।

# रामनरेश कटारा बने रामलीला महोत्सव समिति के संयोजक कन्हैया लाल बने व्यवस्थापक नगर मजिस्ट्रेट ने मेला कमेटी और उप समितियां की गठित

फिरोजाबाद। नगर की ऐतिहासिक रामलीला को संपन्न करने के जिला अधिकारी के निर्देश पर श्री सनातन धर्म रामलीला महोत्सव तदर्थ कमेटी का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी है। यह विभिन्न कमेटियां जिला प्रशासन के निर्देशन में रामलीला को संपन्न करने का काम करेंगी

नगर मजिस्ट्रेट संगीता गौतम द्वारा गठित रामलीला कमेटी और उसकी उप समितियां का गठन इस प्रकार किया गया है। मेला कमेटी का संयोजक रामनरेश कटारा को बनाया है। जबकि उमाकांत पचौरी नरेंद्र शर्मा दीपक गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता को सदस्य मनोनीत किया है। श्रृंगार कमेटी का संयोजक नीरज चतुर्वेदी को बनाया है जबकि डॉक्टर उपेंद्र शर्मा विभाश चतुर्वेदी को सदस्य मनोनीत किया है लीला कमेटी के संयोजक विनोद कुमार मम्मा को मनोनीत किया है। जबकि गुड्डू मिश्रा शिवम मिश्रा को सदस्य मनोनीत किया है व्यवस्था कमेटी का संयोजक कन्हैया लाल गुप्ता को बनाया है। जबकि सुनील वशिष्ठ पुष्पेंद्र पाल सिंह सुरेंद्र राठौर को सदस्यमनोनीत किया है बारात कमेटी के संयोजक अमित गुप्ता और सहसंयोजक लकी गर्ग को बनाया गया है जबकि कौशल किशोर उपाध्याय आकाश गर्ग प्रदीप उर्फ गुड्डा पहलवान मोहित भारद्वाज को सदस्य मनोनीत किया है। संस्कृत कमेटी का संयोजक वेद प्रकाश शास्त्री को बनाया है। जबकि डीकेडी शर्मा श्रीनिवास शर्मा कृष्णकांत शर्मा को सदस्यमनोनीत किया है।

# महिलाओं को देख अश्लील गाने गाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र स्थित एक पार्क में आने जाने वाली महिलाओं व लड़कियों के सामने अश्लील गाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। गांधी पार्क में एक युवक शनिवार को वहां से निकलने वाली महिलाओं तथा युवतियों को देख अश्लील गाने गा रहा था। वह फब्बतिया भी कस रहा था। उसी दौरान पुलिस वहा पहुंच गई। पुलिस को देख युवक वहां से भागने लगा। उसको भगता देख पुलिस को शक हुआ।

पुलिस कर्मियों ने पीछा कर काफी दूर भागने के बाद घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने वहीं पर उसकी तलाशी ली। राशि में उसके पास कुछ नहीं मिला। पुलिस उसे पड़कर थाने ले गई।

# दलित महिला को जबरन बाजरे के खेत में ले जाकर दबंग ने किया रेप

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र में खेत पर गई दलित महिला को दबंग खींच कर बाजरे के खेत में ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने दबंग के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना जसराना क्षेत्र निवासी एक महिला शुक्रवार को खेत में बुर्जी से भूसा लेने के लिए गई थी। इस दौरान एक दबंग वहां आ गया। वह महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा।

बाद में वह महिला को जबरन खींचकर एक बाजरे के खेत में ले गया। वहां बाजरे के खेत में उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला ने चीख पुकार की तो बहुत धमकी देकर वहां से चला गया।

उसने महिला को धमकी दी किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा। महिला ने थाने पहुंचकर सौगेश पुत्र रामवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# माध्यमिक विद्यालयों की दो दिवसीय एथलीट मीट संपन्न। गोला फेंक में दिनेश, डिस्कस थ्रो में रुचि प्रथम रहीं।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। शनिवार को पी डी जैन इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही माध्यमिक विद्यालयों की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता एथलीट मीट के दूसरे एवं अंतिम दिन अनेक प्रतिस्पधाएं आयोजित की गई, प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री कमलेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधानाचार्य भगवान दास शंखवार ने विजई प्रतियोगियों को मेडल पहनकर पुरस्कृत किया। गोला फेंक प्रतियोगिता अंडर-19 बालक वर्ग में दिनेश प्रथम निशांत द्वितीय आशीष तृतीय स्थान पर रहे, अंडर 17 में सोनू वर्मा प्रथम, जतिन द्वितीय, अजय तृतीय, अंडर 14 में ध्रुव गुर्जर प्रथम अर्जुन द्वितीय मानिकचंद तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग अंदर-19 ममता प्रथम,चावली द्वितीय, रवीना तृतीय, अंडर 17 में शिल्पी प्रथम,रूपा द्वितीय,सुरभि तृतीय, अंडर 14 में खुशबू प्रथम,अर्चना द्वितीय एवं कंचन तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में अंडर-19



बालिका वर्ग में रुचि प्रथम, आरिफा द्वितीय,आराधना तृतीय, अंडर 17 में शीलू प्रथम धारा गुप्ता द्वितीय प्राचीन तृतीय, अंडर 14 में खुशबू प्रथम, राशि द्वितीय,चांदनी तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद बालक वर्ग अंदर-19 में श्री ओम प्रथम सर्वेश द्वितीय मूलचंद तृतीय,अंडर 17 में मनमोहन प्रथम,राहुल द्वितीय,इंद्रजीत तृतीय अंडर 14 में ध्रुव गुर्जर प्रथम,सर्वेश द्वितीय,सुनील ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में 3000 मी अंडर-19 बालक वर्ग में रोहित प्रथम प्रिंस बघेल द्वितीय सुमित तृतीय, अंडर 17 सचिन प्रथम आदित्य द्वितीय एवं पुष्पेंद्र तृतीय, 3000 मी अंडर 19 बालिका वर्ग में राधा प्रथम गीता द्वितीय ममता तृतीया अंडर 17 में तान्या प्रथम सोनम द्वितीय, उमरा तृतीय स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण के दौरान प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा,सूर्यकांत, अश्विनी कुमार,चरण सिंह, सुनील यादव,कृष्णकांत भारद्वाज, कंचन यादव शशि बाला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालक पी डी जैन इंटर कॉलेज के व्यायाम शिक्षक आर एन सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# न्याय की आस लेकर पहुंचा पीड़ित जिलाधिकारी के चौखट

***पीड़ित की दुकान खाली करने को जारी किया विपक्षी ने फरमान***

***मामला न्यायालय में विचाराधीन पुलिस पहुंची विपक्षियों के साथ फैसला सुनाने***

***पीड़ित की दुकान को दबंगों ने अवैध तरीके से दुकान हथियाने का रचा खड़यँत्र***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के भिटौरा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छितीसापुर के रहने वाले रामचरण रैदास ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया मेरे गांव में सन 1984 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्पेशल कंपोनेंट की पांच दुकाने बनाई गई थी जिसमें से मेरे पिता अनंतराम के नाम तत्कालीन ग्राम प्रधान व विकास खण्ड अधिकारी छितीसापुर गांव में पहुँचकर गाँव मे मुनादी करवाने के बाद पात्र लाभार्थियों को गाँव के सम्मानि लोगों के सामने स्पेशल कम्पोनेंट की बनी पांच दुकानों का आवंटन किया गया था जिसमे मेरे पिता अनन्तराम रैदास को दुकान नम्बर 4 का एलाटमेंट हुआ था पिता अनन्तराम के खत्म हो जाने के बाद अब मेरे ही गांव के कुछ विपक्षी लोग दुकान को हथियाने की फिराक में जुट गए लेकिन साधारण तरीके से दुकान न हासिल करने पर विपक्षियों द्वारा हुसैन गंज थाने की पुलिस व हल्का



लेखपाल के साथ मिलकर खड्यंत्र के तहत महिला चित्रलेखा जिसकी उम्र करीब 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामदास निवासिनी ग्राम बड़गांव पोस्ट असनी की एक महिला को लाकर दुकान खाली करने की आएदिन धमकी देते रहते हैं

दिनांक 5 सितम्बर ब्रहस्पतिवार को करीब 3:30 बजे दिन में थाना हुसैनगंज के दो कांस्टेबल वह गांव के रहने वाले अमित गुप्ता तथा क्षेत्रीय लेखपाल मेरे दुकान पर आ गए और वह दुकान खाली करने के लिए कहे तो पीड़ित की पत्नी ने बताया कि इस दुकान का न्यायालय में मुकदमा चल रहा है जब तक न्यायालय द्वारा कोई फैसला नहीं आता तब तक दुकान कैसे खाली कर दें तो इतने में सिपाहियों व हल्के लेखपाल के साथ विपक्षियों द्वारा गाली गलौज व जाति सूचक अपमानजनक शब्दों को प्रयोग करते हुए दुकान जबरन खाली करने की धमकी देने लगे जबकि रामचरण ने जानकारी देते हुए बताया यह मामला सिविल न्यायालय मे रामचरण बनाम चित्रलेखा वाद्य संख्या 121 सन 2023 का मुकदमा चल रहा है जिसकी अग्रिम तिथि 18, 11, 2023 है फिर भी न्यायालय के आदेश को न मानते हुए हल्का लेखपाल वह क्षेत्रीय थाने के दो कारखास सिपाहियों ने हल्का लेखपाल के साथ विपक्षियों द्वारा पीड़ित को परेशान किया जा रहा है जिसकी शिकायत पत्र पीड़ित परिवार द्वारा जिलाधिकारी को दिया गया है अब देखने वाली बात यह है कि क्या पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा या फिर विपक्षी अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे

# भिटौरा ब्लाक की ग्राम पंचायत लकड़ी बसावनपुर में कराए गए विकास कार्य में लगा भ्रष्टाचार का आरोप!

***शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में फर्जी भुगतान का लगाया आरोप!***

***ग्राम पंचायत में प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा फर्जी ढंग से कराए गए भुगतान की जांच कराए जाने की मांग की.***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर विकासखंड भिटौरा की ग्राम पंचायत लकड़ी बसावनपुर में कराए गए विकास कार्य में फर्जी भुगतान कराए जाने को लेकर जिलाधिकारी से शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है, शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत में प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव ने मिलकर बड़ा घोटाला किया!

लकड़ी बसावनपुर ग्राम पंचायत के निवासी शिकायतकर्ता सुशील कुमार ने जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायती पत्र देकर ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्य में फर्जी भुगतान कराए जाने का आरोप लगाया है! शिकायत कर्ता ने सत्यता यह है कि तालाब की सफाई ही नहीं हुई,चारो तरफ बड़ी-बड़ी घास खड़ी हुई है! सफाई कर्मी, रिक्शा, स्टेशनरी, स्वच्छता सामग्री,



शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत निधि का दुरुपयोग किया जा रहा है! एक ही काम का दो-दो बार भुगतान किया गया है, अमृत सरोवर तालाब में उगी बड़ी-बड़ी घास की सफाई नहीं कराई गई,साफ सफाई दिखाकर करीब 20 हजार रूपए निकाल लिए गए, जबकि नाली निर्माण आदि में बड़ा घोटाला किया गया है! इन सब का भुगतान करा लिया गया है और धरातल पर कार्य कुछ भी नहीं कराया गया! शिकायत कर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि लकड़ी बसावनपुर ग्राम पंचायत की जांच कराई जाए, जिससे सत्यता उजागर हो, और घोटाले बाजों पर कार्रवाई हो सके...

# संपूर्ण समाधान दिवस में 35 प्रार्थना पत्रों में 7 प्रार्थना पत्र का मौके पर हो सका निस्तारण

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर माह के प्रथम शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य तहसील सदर-फतेहपुर में जिलाधिकारी श्रीमती सी0 इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस सदर में जिला कृषि अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी( कृषि) के अनुपस्थित रहने पर चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश सम्बंधित को दिए गए। जिलाधिकारी ने



शिकायतकताओं की समस्याओं को बड़े ही सरल एव सहज भाव से सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये, कि शासन के मंशानुरूप प्राप्त शिकायतो को पारदर्शी , गुणवत्तापूर्ण ,संतुष्टिपरक व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी आपस मे समन्वय बनाकर टीम भावना से विवादित जमीन वाले प्रकरणों का हल कराया जाये, इसमें किसी प्रकार का पक्षपात न किया जाये, कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील -सदर में कुल 35 शिकायती पत्र शिकायतकर्ताओ से प्राप्त हुए, के सापेक्ष 07 का निस्तारण अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। शेष प्राथर्ना पत्रों को समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अशोक कुमार , चकबन्दी अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, उपनिदेशक कृषि,जिला सूचना अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियो सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

# बहु से आजिज आकर पीड़ित पहुंचा डीएम की चौखट

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

यूपी के फतेहपुर जिले के मलवां थाना क्षेत्र के भरसवां गांव के रहने वाले बाबूराम ने डीएम ऑफिस पहुंचकर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई पीड़ित ने बताया कि उसके पुत्र राम सिंह की शादी करीब दो वर्ष पूर्व सोनी उर्फ सुनैना से हुई थी शादी के बाद से ही उसकी बहू लड़ाई-झगड़ा करने लगी वह अनावश्यक जबरन दबाव बनाने लगी कि मुझे अलग घर बनवा कर दो मैं अलग रहूंगी पीड़ित ने अपनी पुत्र व बहू के लिए गांव में एक दूसरे पक्के घर का निर्माण करवाकर उन्हें दे दिया लेकिन कुछ दिन बाद बहू का कहना रहा कि उसे कानपुर में एक प्लाट खरीदकर दो और 10 लाख रुपए दो जिसको पीड़ित ने मना कर दिया।पीड़ित ने बहु पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसे जान से मारवाने की धमकी व फर्जी मुकदमे



में फसाने की धमकी देती है व अन्य गंभीर आरोप लगाए है पीड़ित ने यह बताया बहु के इस कार्य का जब पुत्र ने विरोध किया तो उसे मारा गया व जान से मारने की कोशिश की गई पुलिस को सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नही जिसके बाद बेटा डरकर कही चला गया अब पीड़ित न्याय की गुहार लगा रहा है

# मजदूरी कर रहे मजदूर की अचानक हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की खागा कोतवाली क्षेत्र के हरदो गांव में एक मजदूर मजदूरी करने गया था। तभी उसको चक्कर आ गया और वह गिर पड़ा लोगों ने दौड़ कर देखा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के हरदो गाँव निवासी अला दीन का 35 वर्षीय पुत्र लाला जो मेहनत मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रोज की भांति वह मजदूरी करने गया था। वहाँ काम करते समय अचानक उसको चक्कर आ गया। जिससे वह गिर गया लोगो ने दौड़ कर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के साले सुल्तान ने घटना की जानकारी दिया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौके पर दर्दनाक मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के अंदौली पुलिया गेस्ट हाउस के समीप एक ट्रक ने बाइक चालक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ललौली थानां क्षेत्र के खटौली गाँव निवासी स्व. अजय सिंह का 32 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम से शहर आया था। शहर से वापस जाते समय बीती रात राधा नगर के अन्दौली पुलिया के गेस्ट हाउस के समीप ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई दिलीप कुमार ने घटना की जानकारी दिया।

# स्वर्गीय आदर्श पटेल की स्मृति में साहित्य महोत्सव आयोजित

समाज जागरण,कमलेश कुमार

मल्लावां ,हरदोई। नगर के एक गेस्ट हाउस में द विश्वास फाउंडेशन द्वारा स्व0 आदर्श पटेल की स्मृति में मल्लावां साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के साथ कवि सम्मेलन और मुशायरा में जाने माने कवियों और शायरों ने सारी रात अपनी-अपनी रचनाओं और शेरो शायरी से समा बांधाँ।

शुक्रवार को नगर के पटेल गेस्ट हॉउस में स्व आदर्श पटेल की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एमएलसी इं0 अवनीश सिंह ने पुष्पांजलि एवं दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उसके पश्चात मल्लावां साहित्य महोत्सव में लगे स्टालों का अनावरण किया गया। विभन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच निबंध लेखन व ड्राइंग एवं संगीत प्रतियोगिता रखी गईं। कवि पवन प्रगति का म्यूजिक लोकल हंट रखा गया।

रात्रि कवि सम्मेलन का उद्धघाटन समाजसेवी विशाल जायसवाल ने किया जिसमें कवि अभय निर्भीक ने अपनी पंक्तियाँ इसका वैभव सदियों से है,बिखराता नित नई छटा। इसे मिटाने वाले मिट गए, किंतु सनातन नहीं मिटा।।

हरदोई के कवि पवन प्रगति की पंक्तियाँ एक पल बस ठहर लें, चलो फिर चलें। ख्वाब आंखों में भर लें, चलो फिर चले।

आरती प्यार की द्वार पर हो रही,आचमन साथ कर लें, चलो फिर चलें। कवि नीरज पाण्डेय ने सुनाया कि सुर्खियों में आने की हावी हबस है इस कदर जुगनू सी औकात वाले चाँद को गरियाएँगे। कवि ज्ञान प्रकाश ने आजकल नवनीत लेपन में नही है यदि निपुण,आप अपनी जिंदगी में कुछ नहीं कर पाएँगे कवि अंकित काव्यांश हर ठिकाने से बात कर लेंगे,हर बहाने से बात कर लेंगे तुम अपने घर में पूछ लेना बस,हम जमाने से बात कर लेंगे कवि समोनाथ ने सुनाया कि सत्य सिद्धांत पर जब अटल हो गये,कुछ स्वजन तब विरोधी प्रबल हो गये,नम्रता किन्तु फिर भी न छोड़ी कभी,निज अहं त्यागकर हम सफल हो गये।

कार्यक्रम में मौजूद लोगो का आदर्श विश्वास ने आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला, चेयरमैन पति रियाज अहमद, पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम कनौजिया, योगेंद्र सिंह, हरिपाल सिंह,आकाश ओमर निक्की,हिमाशु सिंह,गगन पटेल,देवेश पटेल,नितेश सिंह,गौरव सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# लोग मेफूज नहीं: जंगल छोड़ अब गुलदार शहर की ओर



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ/कालागढ़ में आज कल गुलदार का भय कायम है। घर से लेकर खेतों व राष्ट्रीय राजमार्ग रोड़ तक भय का माहौल है। प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार रात को थाना क्षेत्र पुराना कालागढ़ में आबादी के निकट सुखा सोत में गुलदार के होने का शोर मच गया।आनन फानन में लोग जमा हो गए। शमशुद्दीन अंसारी और फय्याज अंसारी ने बताया कि वो उस वक्त पुल पर टहल रहे थे कि बस्ती के एक घर से गुलदार के होने का शोर मच गया। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि कोई हानि नहीं हुई। शमशुद्दीन अंसारी ने बताया कि उन्होंने सोत में हाथी, गुलदार और बाघ को कई बार देखा है। गुलदार के हल्ले के बाद उनके खेत में दो जंगली हाथी घुस गये। शोरगुल सुनकर हाथी खेत में ठहरे नहीं और जल्दी निकल गए। जिसके चलते खेत में फसल को ज्यादा नुक्सान नहीं हुआ। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब आबादी के करीब वन्य जीव को देखा गया है इससे पहले भी कई बार जंगली जानवरों को सोत में देखा जा चुका है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से इसके रोक थाम करने की मांग की है।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर आई 75 शिकायतों में से 7 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

जिलाधिकारी द्वारा कालपी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर आई 75 शिकायतों में से 7 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण, शेष के लिए संबंधित अधिकारियों को दिये गए शीघृ निस्तारण के निर्देश उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कालपी के तहसील सभागार में जनसुनवाई को गम्भीरता से सुनते हुए शिकायतकताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस कालपी में 75 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने व क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकताओं को राहत पहुँचाने हेतु कडे.निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में फजीवाड़ा मिलने पर सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों की शिकायतकताओं की शिकायतों का स्वयं रेंडम जांच करें शिकायतकर्ता संतुष्ट होने पर ही शिकायत का निस्तारण करें।

उन्होंने शासन की मंशानुसार जनपद में जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये संवेदनशील होकर पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने के लिये अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, उप जिलाधिकारी कालपी के०के०सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० एन० डी ०शर्मा, परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कालपी डॉ देवेन्द्र सिंह, तहसीलदार शेर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### शिकायतो का समय से गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए-एसडीएम

# समाधान दिवस में आई 51 शिकायतो में 9 का मौके पर किया गया निस्तारण

समाज जागरण बी जी मिश्र

सवायजपुर, हरदोई।शनिवार को एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुल 51 लोगों ने उपस्थित होकर अपनी शिकायते प्रस्तुत की। जिसमें से 9 शिकायतो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतो के लिए टीम गठित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए है।

शनिवार को सवायजपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि सरकारी जमीनो को चिन्हित कर राजस्व व पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर उन्हें कब्जामुक्त कराए।एसडीएम ने कहा कि जमीनी विवाद में दोनो पक्षो पर समय से कार्यवाई करते हुए सम्बन्धित लेखपाल व राष्व कर्मी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुल 51 शिकायते आयी जिसमे से 9 शिकायतो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतो के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाये। ताकि फरियादियों का संबंधित अधिकारियों पर भरोसा कायम रहे इस दौरान क्षेत्राधिकारी, व तहसील स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।



# शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं - जिलाधिकारी

## डीएम मनोज कुमार ने सीडीओ के साथ सुनी संपूर्ण समाधान दिवस की जनशिकायतें

बिसौली आई एम खान। डीएम मनोज कुमार ने सीडीओ केशव कुमार के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनशिकायतें सुनीं। डीएम ने अधिकारियों को कडे.निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को गुणवत्ता पूर्वक समयबद्ध निस्तारण कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है उस समस्या से शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी शिकायतों को शासन की मंशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर जाकर निस्तारण हो। शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को गुणवत्ता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और नवजात शिशुओं को अन्नप्रासन कराया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल, एसपीआरए अजय प्रताप, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रदीप कुमार वार्ष्णेय आदि अधिकारी मौजूद रहे।



# बिचौली, सिहारी चेलापुर आदि ग्राम पंचायतो की सड़कों की हालत खस्ता हाल,

कुठौद जालौन, विकासखंड कुठौंद क्षेत्र के स्टेट हाईवे से ग्राम पंचायतो की ओर जाने वाली सड़कों की हालत बहुत ही खस्ता हाल है जबकि सरकार के द्वारा सड़कों को नंबर तक गड्ढा मुक्त किया जाना है लेकिन हकीकत यह है कि ब्लॉक क्षेत्र की अधिक तर सड़कों की हालत बहुत खराब है इन सड़कों पर वाहन चलाना तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है कस्बे से लेकर गांव तक सड़के खस्ता हाल है लोक निर्माण विभाग के कागजों में भले ही सड़कों का गड्ढा मुक्त अभियान चल रहा हो लेकिन सच्चाई यह है कि काम होता कहीं पर भी दिखाई नहीं दे रहा है एक ऐसा ही मामला उरई औरैया स्टेट हाईवे से ग्राम पंचायत बिचोली, सिहारी चेलापुर की तरफ जाने वाले मार्ग का है जहां पर कुछ दिन पहले बच्चों से भरा स्कूल बहन पलटने से बाल बाल बचा जब इस बात की जानकारी बिचोली प्रधान महेश कुमार को मिली तो उन्होंने तत्काल जहां जहां पर बड़े-बड़े गड्ढे थे उन गड्ढों को भरने के लिए प्रधान महेश कुमार ने खड़े होकर मिट्टी डलवाई और कुछ गड्ढो में गिट्टी भी डलवाई जिससे पुना ऐसी घटना घटित ना हो सके ग्राम प्रधान बिचोली के इस सराहनी काम की सभी ने प्रशंसा की,



# डीएम द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति की बैठक



डीएम द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति की बैठक में अगले साल वृक्षारोपण के लिए वनविभाग द्वारा स्थल के चयन हेतु दिये गए निर्देश उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार वषार्काल 2024 हेतु वन विभाग एवं अन्य विभागों का विगत वर्ष को ही वृक्षारोपण लक्ष्य मानते हुये स्थल चयन की कार्यवाही की जाये। माह दिसम्बर तक ग्राम पंचायत वार माइक्रोप्लान तैयार कर जी0डी0पी0 में सम्मिलित कराना सुनिश्चित करें। उन्होने संबंधित विभागों द्वारा 22 जुलाई एवं 15 अगस्त को किये गये वृक्षारोपण की शत प्रतिशत जिओटैगिंग कराने के निर्देश दिये। संबंधित विभागों द्वारा कराये गये वृक्षारोपण के सापेक्ष सितम्बर 2023 के अनुसार सफलता की सूचना प्राभागीय वनाधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान उन्होने निर्देशित किया कि जनपद से प्रवाहित होने वाली गंगा की सहायक नदी यमुना व बेतवा को प्रदूषित करने वाले समस्त कारकों को चिन्हित कर उनको दूर करने के उपाय एवं नियमित जल परीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जनपद में समस्त सरकारी अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार सुव्यवस्थित रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें, साथ ही निस्तारण के समय फोटो व वीडियो बनाया जाये। उन्होने कहा कि जनपद में यमुना नदी एवं उससे जुड़ी सहायक नदियों में गिरने वाले नालों का सर्वे कर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क के किनारे एकत्रित धूल को उड़ने से रोकने हेतु सड़क की पटरियां पर इंटरलॉकिंग, खडंज़ा लगाने की एवं उसके किनारे वृक्षारोपण की प्रगति, नाला निर्माण आदि का कार्य कराने हेतु सड़कों का चिन्हीकरण कर कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि प्रायः यह देखा गया है कि रोड के किनारे कूड़े के ढेर अनियंत्रित तरीके से जगह जगह डाले जा रहे है, शालिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के अनुसार डंपिग साइट का चयन कर सुव्यवस्थित तरीके से कूड़े का प्रबंधन सुनिश्चित किया जाये। उन्होने समस्त नगर पालिका व नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि जनपद में अनाधिकृत स्थानीय खपत हेतु पशुवध रोक कर अनाधिकृत अवैध पशुवध एवं मांस बिक्री हेतु प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि भविष्य में बाढ़ की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुये, यमुना, बेतवा एवं पहुंज नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बनाये रखने के लिए एक कार्ययोजना बनायी जाये।

गंगा समिति की समीक्षा के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यमुना नदी पर कालपी में मुख्य घाट एवं बेतवा नदी पर सलाघाट पर आरती प्रतिदिन कराना सुनिश्चित करें। उन्होने नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत घाट पर शवदाह गृह बनाने के निर्देश दिये। उन्होने जिला गंगा समिति द्वारा यमुना एवं उसकी सहायक नदियों के प्रदूषण नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, प्रभागीय वनाधिकारी जयप्रकाश नारायण तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एन0डी0 शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, श्रम उपायुक्त अवधेश दीक्षित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण को संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी का दायित्व - मनोज कुमार

बिसौली आई एम खान। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत डीएम मनोज कुमार, सीडीओ केशव कुमार व एसपी देहात अजय प्रताप सिंह ने नवीन तहसील परिसर में पौधारोपण किया। जिलाधिकारी ने वहां मौजूद समस्त अधिकारी व कर्मचारियों से पौधारोपण का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी का दायित्व है। इस दौरान एसडीएम कल्पना जायसवाल, तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर, बीडीओ प्रवीण, वनक्षेत्राधिकारी मनोज पाल सिंह, जहीर आलम आदि मौजूद रहे।



# जालौन पुलिस ने माल का बंटवारा कर रहे सात अंतर्जनपदीय चोरों को पकड़ा

कुठौंद जालौन। पुलिस को सूचना मिली कि थाना कुठौंद क्षेत्र में सात अंतर्जनपदीय चोरों का गैंग माल का बंटवारा कर रहा है। देर ना करते हुए एसओजी व थाना कुठौंद पुलिस की संयुक्त टीम ने माल बंटवारा कर रहे चोरों को घेरने का प्रयास किया तो अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग करने पर एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए अभियुक्तों मुजाम उर्फ निजाम पुत्र शराफत खान शमशाद पुत्र बडेलाल उर्फ मटरू फरमान पुत्र मजीद खान जितेंद्र राजपूत उर्फ बौरा पुत्र मक्खन सिंह विकास यादव पुत्र नरेश यादव चांद बाबू पुत्र मटरू उर्फ बडेलाल तस्लीम पुत्र यासीन के पास से भारी मात्रा में सोने चांदी के चुराए गए आभूषण व 1 लाख 88 हजार 415 रुपए नगद व असलाह एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार बरामद हुए। अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान पता चला कि जनपद जालौन व आसपास के कई जनपदों में चोरी की घटना कारित करना बताया गया। घायल अभियुक्त को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।



## चोरी व हेरा फेरी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी रोहनिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गंगापुर डीह बाबा के पास रोहनिया पुलिस ने चोरी करने व चोरी के समान की हेरा फेरी करने वाले नगर पंचायत गंगापुर निवासी विक्की सेठ नामक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।आरोपी पर एक मामला रोहनिया थाने में तथा दो मामले सिगरा थाना दर्ज है।

# सीडीओ ने पीड़िता की शिकायत सुनकर तुरंत बीडीओ को निस्तारण के दिए निर्देश

बिसौली आई एम खान। सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जैसे ही सीडीओ केशव कुमार बाहर निकले तभी गांव भटपुरा निवासी माया देवी ने उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपा। पीड़िता के मुताबिक उसके पति ने उसे छोड़ दिया है। तब से वह भटपुरा स्थित मायके में एक झोंपड़ी में रह रही है। झोंपड़ी की कच्ची दीवारें बरसात में गिरने का भय रहता है। माया देवी ने सीडीओ से शिकायत की मौके पर जाकर जांच कराने की गुहार लगाई है। सीडीओ ने बीडीओ प्रवीण कुमार को जांच कर निस्तारण के आदेश दिए।



# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिये गए दिशा निर्देश उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के होटलों व ढाबो आदि स्थानों पर निरीक्षण कर नमूनों का सैम्पल लेते हुये उनकी जांच करायें। उन्होने कहा कि जनपद में घर-घर दूध देने वाले दूधियों से दूध का नमूना अवश्य लिया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद में खाद्य पदार्थ जैसे घी, दूध, सरसों का तेल, खोया आदि का नमूना लेकर जांच हेतु भेजा जाये, खाद्य पदार्थो में मिलावट पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि दूध एवं दुग्ध उत्पादों की शुद्धता बनाये रखने हेतु एवं परिवर्तन की कार्यवाही निरन्तर चलायी जाये। उन्होने कहा कि प्रतिबंधित आक्सीटोसिन इंजेक्शन से संबंधित जनपद में स्थापित औषधि विक्रेताओं पर निरीक्षण कर कार्यवाही करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, प्रभागीय वनाधिकारी जयप्रकाश नारायण तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एन0डी0 शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, अभिहित अधिकारी जतिन सिंह आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## शराबियों ने मचाया उत्पात, पुलिस ने किया चालान

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के मंगारी गांव में शराबियों ने जमकर उत्पात और तोड़फोड़ की। पुलिस ने उक्त शराबियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। पुलिस को दिए तहरीर में पूर्व कांग्रेसी विधायक रहे स्व0 रामकरन पटेल के पुत्र कमल पटेल ने आरोप लगाया कि बीती रात 8 बजे शराब के नशे में पट्टीदार संजय पटेल और विक्की पटेल घर आये और आरोप लगाकर गाली गलौज देने के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी। उसी दौरान पीड़ित ने पीआरवी को फोन किया। जिसपर मौके पर पहुँची

# चंद रुपया घुस और रिश्वत के मामलें में रोज जेल जा रहे यूपी पुलिस के दारोगा

## मिलों चंदौली में तैनात इस जाबाज सिपाही से जिसने 02 लाख रुपए से भरा बैग लौटा पेश की ईमानदारी की मिसाल

चंदौली: आरक्षी अनन्त कुमार सिंह जो थाना अलीनगर जनपद चन्दौली में नियुक्त हैं। वर्तमान समय विशेष ड्यूटी/प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन से सम्बद्ध हैं। उक्त कर्मी पुलिस लाइन मेन गेट पर संतरी ड्यूटी (समय 02-05 बजे तक) पर तैनात थे। इसी बीच गेट के बाहर पार्किंग स्थल पर खड़ी मोटरसाइकिलों पर से एक मोटरसाइकिल पर काले रंग का बैग दिखा, कुछ समय इंतजार के बाद वो उस *बैग के पास जाकर उसे खोलकर देखा। देखते ही अचम्भित हो उठे। बैंग नोटों की गड्डियों से भरा था। आरक्षी द्वारा उस बैग को तत्काल पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित टेलीफोन ड्यूटी पर लाकर अन्य पुलिसकर्मी के समक्ष बैग का पूरा निरीक्षण किया गया जिसमें रूपयों के साथ ही अन्य आवश्यक कागजात भी थे। उन्ही कागजातों में से बैग मालिक का पता/सम्पर्क नम्बर प्राप्त कर उनसे सम्पर्क करते हुए बैग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। अपने छूटे/गुम रूपयों से भरे बैग की जानकारी होते ही मालिक बदहवास हो उठे। उन्हे साहस बंधाते हुए उनका बैग सुरक्षित पुलिस के संरक्षण में होने की जानकारी दी गई। कुछ समय उपरांत बैग के मालिक हिनउतरगढ़ निवासी श्री जयराम सिंह जी आए और अपना रूपयों व जरूरी कागजात से भरा बैग पाकर काफी खुश हुए।

उनको अपना पूरा पैसा व कागजात चेक करा सुपुर्द किया गया। वह पुलिस की प्रशंसा करते थक नहीं रहे। बैंग के सम्बन्ध में पूछने पर उन्होंने बताया कि मैं धानापुर इण्टर कालेज में शिक्षक था तथा वर्तमान समय सेवानिवृत्त हो चुका हूं। मैं अपनी कार का रजिस्ट्रेशन कराने परिवहन कार्यालय जा रहा था इसी कारण नगद रूपए बैग में लेकर जा रहा था। मेरे एक रिश्तेदार का फोन आया कि मैं पुलिस लाइन के पास हूं। पुलिस लाइन के पास पहुंच अपनी कार से उतर उनसे बातचीत करने लगा, बातचीत के दौरान ही मैं अपने हाथ में लिया बैग यहां खड़ी मोटरसाइकिल पर रख दिया और जाते समय उसे लेना भूल गया। मैं तो सोच लिया था कि अब मेरा पैसा व कागजात मिलने से रहा। लेकिन आज ईमानदारी व सच्चाई की मूर्ति के रूप में चन्दौली पुलिस हमारे सामने खड़ी है,

मै अपने हृदयतल से पुलिस का आभार व धन्यवाद करता हूं। पुलिस ने मेरा पूरा पैसा व कागजात ही सुरक्षित नहीं लौटाया बल्कि सदैव के लिए हमारे हृदय में पुलिस बल के लिए ईमानदारी, सेवा, समर्पण व विश्वास का भाव भी भर दिया है। बारम्बार बहुत-बहुत आभार व धन्यवाद चन्दौली पुलिस को।

पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा आरक्षी के अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा व ईमानदारी की सराहना व प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान करने की घोषणा की गई।

# मेडिकल टीम शांति स्वरूप को ले कर पीलीभीत रवाना।

वाराणसी ।पिछले दिनों 4 अक्टूबर को सुबह 4 बने थाना फूलपुर वाराणसी में एक दुर्घटना में एक ही परिवार के 8 लोगो की मृत्यु हो गयी थी सिर्फ 7 साल का एक बच्चा शांति स्वरूप जो ट्रामा सेंटर बी0 एच0 यू0 में भर्ती था।उसकी देख भाल में स्टॉप नर्स शीला कुमारी एवम शशि कुमारी लगी रही। आज जिला अधिकारी वाराणसी एवम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संदीप शर्मा चौधरी के आदेश पर डॉ0 अब्दुल जावेद हेड कास्टेबल हरिकेश यादव एम्बुलेंस ड्राइवर कुलदीप शर्मा बच्चे को उसके घर पीलीभीत ले कर निकल चुके है ज्ञात हो कि इस दुर्घटना में परिवार के सभी मेंबर की मौत हो चुकी है सिर्फ यही एक बच्चा शांति स्वरूप बचा है जिस को डॉ0 अब्दुल जावेद मेडिकल ट्रीटमेंट देते हुवे पीलीभीत के लिए रवाना सुबह 11 बजे हो चुके है

## दबंगों ने चाहरदीवारी तोड़ी, पुलिस को सौपा सबूत

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो वाराणसी फूलपुर कस्बा निवासी शनि अग्रहरि ने कस्बे के ही कुछ दबंग लोगों के खिलाफ चहारदीवारी तोड़ने का आरोप लगाया। इस बाबत वीडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी। पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया कि बैनामे की जमीन पर बीती रात फूलपुर कस्बे निवासी कुछ दबंग लोग मेरे घर के पीछे बैनामा लिए जमीन पर बनी 12 फिट लम्बी व 5 फीट ऊंची चहारदीवारी को तोड़ दिया। जिसकी वीडियो रिकार्डिंग भी पुलिस को सौंपा। पुलिस ने जांचोरांत मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया।

# चोरों ने दी पुलिस को चुनौती छत के रास्ते घुसे चोरों ने लाखों का माल किया पार

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो /वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र आदमपुर( फकीरपुर) ग्राम में सीमेंट शेड के सहारे घर में घुसे चोरों ने शुक्रवार रात्रि लाखों का माल पार कर दिया। जानकारी के अनुसार आदमपुर (फकीरपुर) निवासी सच्चिदानंद त्रिपाठी उर्फ अशोक त्रिपाठी का मकान है, जिसमें उनके दो पुत्र अमित त्रिपाठी व मनीष त्रिपाठी सपरिवार रहते हैं। सच्चिदानंद त्रिपाठी बाहर बने बरामदे में वह स्वयं सोते हैं। भुक्तभोगी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि उनके बड़े भाई अमित त्रिपाठी अपने परिवार के साथ दूसरे तल पर जबकि वह नीचे वाले तल पर रहते हैं। शुक्रवार देर रात्रि परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरे में सोए हुए थे। बाहर बने बरामदे में सच्चिदानंद त्रिपाठी सोए हुए थे। देर रात सीमेंट शेड के सहारे घर में घुसे चोरों ने सभी कमरे को बाहर से बंद कर दिया। चोरों ने कमरे में रखे अलमारी का लॉक खोलकर आलमारी में रखें करीब चार लाख के गहने पर हाथ साफ कर दिया। छोटी बहू की नींद खुली बाहर निकलने का प्रयास करने पर दरवाजा बाहर से बंद होने पर संदेह हुआ। बहु का शोरगुल सुन चोर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची चोलापुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दबंगों ने मां- बेटी सहित तीन लोगों को मारपीट कर किया घायल

समाज जागरण,अभय तिवारी

अरवल ,हददोई।थाना क्षेत्र के नाउपुरवा निवासी उषा देवी पत्नी रामदास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह समय करीब 10:00 बजे अपने घर पर थी तभी गांव के ही बृजेश पुत्र रामु पाल, रामु पाल पुत्र लाखन सिंह, नितेश पुत्र रामु पाल, सरिता पत्नी बृजेश मेरे घर के पास आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे तभी हमारी बेटी रुचि व देवर कुरेंद्र पाल बचाने आए तो विपक्षीगण ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से करने की धमकी देकर चले गए थाने में तहरीर दी है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नारी शक्ति वंदन विधेयक ने बढ़ाया नारी शक्ति का मान- मंत्री

समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर

शाहाबाद, हरदोई। कस्बे के बरूआ बाजार स्थित एक पब्लिक स्कूल की अध्यापिकाओं ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को कानूनी मान्यता मिलने पर क्षेत्र की विधायक का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी का कस्बे के पब्लिक स्कूल में प्रबंधक और अध्यापिकाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक को कानून बना दिए जाने पर स्कूल में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रजनी तिवारी ने कहा पिछले 25 वर्षों से महिलाओं की भागीदारी के विधेयक को पास कर लागू करने में पिछली सरकारों ने रुचि नहीं दिखाई। भाजपा ने लोकसभा और राज्यसभा में विधेयक को पारित कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद इस विधेयक को कानून का दर्जा दिलाने का कार्य किया है। अब आने वाले दिनों में लोकसभा और देश की सभी विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित हो जायेंगी। लंबे समय के बाद संसद में कोई बिल सरकार और विपक्ष की समान मंजूरी से कानून की शक्ल में तब्दील हुआ है। हमारी बहनों का मान सरकार ने बढ़ाने का कार्य किया है। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधक मृदुला श्रीवास्तव सहित प्रीती शुक्ला,पूनम शुक्ला, प्रिंसी गुप्ता, प्रिया गुप्ता,अंजली अग्निहोत्री ,अंकित गुप्ता,मनोज यादव,प्रिंस अवस्थी व संस्थापक सुधीर कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।




## मछली पकड़ने गए ग्रामीण का सुखेता नदी के पास मिला शव

समाज जागरण,राम प्रकाश राठौर

शाहाबाद,हरदोई । सुखेता नदी पर मछली पकड़ने गए एक 40 वर्षीय ग्रामीण का शव सुखेता के किनारे पड़ा मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया है। परिजन हत्या की आशंका जाता रहे हैं।



मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सोनौरा निवासी 40 वर्षीय सुरेश पुत्र लीला मछली पकड़ने के लिए घर से निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। सुखेता नदी के पास सुरेश का शव पड़ा मिला। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई । तत्काल मझिला पुलिस को सूचना दी गई। मझिला पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया। सुरेश के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं । परिजन हत्या की आशंका जाता रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक परिजनों किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

## आईजीआरएस में फर्जी आख्या लगाने का पुलिस पर आरोप

समाज जागरण ,अजीत अवस्थी

हरियावां,हरदोई। थाना क्षेत्र के जफरपुर निवासी सदा प्यारी पत्नी रामसेवक ने स्थानीय थाने में तैनात सिपाही वंशराज सिंह पर विपक्षियों से पैसे लेकर फर्जी अच्छा लगने का आरोप लगाया है ।बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व उसके पड़ोसी रामजीत द्वारा उसकी पक्की दीवार को रंजिशन गिरा दिया जाता है और विरोध करने पर उसकी बेटी के साथ मारपीट की जाती है जिसकी शिकायत उसने आईजीआरएस के माध्यम से पुलिस अधीक्षक महोदय से की थी । वही शिकायत पर पहुंची पुलिस ने रामजीत का शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया था वही उसके पति समेत दूसरे पक्ष के ब्रह्मादीन के खिलाफ भी कर कार्रवाई की तथा जांच कर सिपाही वंशराज द्वारा उच्च अधिकारियों को भेजी आख्या में मैं बंदर द्वारा दीवार पलटने की बात लिखकर मेरे द्वारा लगाए गए आरोपी को बढ़ा चढ़ा कर बता दिया गया इससे वह काफी आहत है और जल्द ही पुनः उच्च अधिकारियों से शिकायत करेगी।

## शिकायत किए जाने के बाद भी नहीं हुई दबंगों पर कार्रवाई

समाज जागरण,संवाददाता

शाहाबाद ,हरदोई। तहसील के एक गांव निवासी महिला की जमीन पर एसडीएम से शिकायत के बाद भी दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा न छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने शनिवार को तहसील दिवस में फिर प्रार्थना पत्र देकर दबंगों के कब्जे से भूमि खाली करवाने की गुहार लगाई। प्रदेश के मुखिया का बुलडोजर भूमाफियाओं पर चलने के कारण अन्य प्रदेशों में प्रसिद्धि पा गया है। लेकिन उनके ही प्रदेश में राजस्व कर्मियों की शिथिलता के कारण आज भी अवैध कब्जे के सैकड़ों मामले हर तहसील और थाना दिवस में आ रहे हैं। इसी तरह का एक मामला तहसील के ग्राम मंगलीपुर बंजरिया निवासी फूलमती का है।जिसकी भूमि की गाटा संख्या 109,177,190,181,229,235,236,382,383 पर वर्षों से गांव के दबंगों का अवैध कब्जा है। उसके द्वारा इससे पूर्व भी एसडीएम कार्यालय पर प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन साठ गांठ के चलते उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। शनिवार को तहसील दिवस में पीड़िता ने अपनी भूमि की नाप करवाकर कब्जा हटवाने का प्रार्थना पत्र फिर दिया है। इस बार देखिए शायद पीड़िता की भूमि पर से भूमाफियाओं का कब्जा हट जाए।

## पुलिस ने फांसी पर लटक रहे किशोरी के शव को उतारा

### कमरें के अंदर लटक रहा था 16 वर्षीय किशोरी का शव, घर वालों ने बताया विक्षिप्त,कहा हो रहा था इलाज

समाज जागरण

शाहाबाद,हरदोई। एक 16 वर्षीय किशोरी का शव उसके घर के कमरें में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने घर वालों की मदद से शव को नीचे उतरवा कर उसे अपने कब्जे में लिया। इस बारे में उसके घर वालों का कहना है कि वह विक्षिप्त थी। इलाज भी हो रहा था।

बताया गया है कि शाहाबाद कोतवाली के आगमपुर निवासी विपिन कुमार की 16 वर्षीय पुत्री प्रशामी का शव शुक्रवार की रात करीब आठ बजे उसके कमरें की छत में कुंडे से बंधे दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। पिता विपिन कुमार का कहना है कि उसकी पुत्री मानसिक विक्षिप्त थी,जिसका काफी दूर-दूर तक इलाज कराया गया, लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली। बकौल विपिन उसी से ऊब कर प्रशामी ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने 6 निरीक्षकों व एक उपनिरीक्षक को सौंपी अलग अलग थानों की जिम्मेदारी

समाज जागरण,बी जी मिश्र

हरदोई।पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अपराधों पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए 6 निरीक्षकों व एक उपनिरीक्षक का स्थानांतरण करते हुए उन्हें अलग अलग जिम्मेदारी दी है। बताते चले कि पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के साथ साथ अपराधियो पर अंकुश लगाते हुए अपराधों पर नियंत्रण के लिए शुक्रवार की देर रात इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह को शाहाबाद से सवायजपुर,इंस्पेक्टर राजदेव मिश्रा को बेनीगंज से शाहाबाद,इंस्पेक्टर उमाकांत दीपक को रिट सेल प्रभारी से बेनीगंज,इंस्पेक्टर धीरज शुक्ला को पाली से अतरौली,,इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राय को अतिरिक्त इंस्पेक्टर संडीला से पाली,उपनिरीक्षक सोमपाल गंगवार को कासिमपुर से अरवल के लिए स्थानांतरित करते हुए सभी को नवीन कार्यस्थलो पर कार्यभार ग्रहण करने के दिए है।अरवल में तैनात थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया को गैर जनपद के लिए रिलीव किया गया जबकि अतरौली में तैनात ब्रजेश मिश्रा लंबी छुट्टी पर हटाये गए।



## एक सप्ताह के अंदर करें प्रार्थना पत्रों का निस्तारण-एएसपी

### एसडीएम और सीओ के साथ मिलकर सुनी समस्याएं

समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर शाहाबाद, हरदोई। तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में एएसपी ने एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। तहसील दिवस में 112 शिकायतों में दस का निस्तारण किया गया।

शासन की मंशानुसार हर शनिवार को थाना समाधान और तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है। ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। इसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने एसडीएम पूनम भास्कर और सीओ हेमंत उपाध्याय की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। एएसपी श्री सिंह ने कहा शासन की मंशा है तहसील दिवस में आने वाले प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए।एसडीएम सुश्री भास्कर ने लेखपालों से कहा क्षेत्र से भूमि पर अवैध कब्जे के प्रार्थना पत्र आ रहे हैं।अवैध कब्जों को तुरंत खाली कराया जाए और उन प्रार्थना पत्रों की प्रगति से उन्हे अवगत कराया जाए। तहसील दिवस में कुल 112 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमे दस का निस्तारण कर दिया गया।शेष पर कार्यवाही की संतुति की गई।



## अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

### नीरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्यायों के बारे में ली जानकारी

समाज जागरण,आलोक सिंह

हरदोई।अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज ने बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनको बताया कि ऐसे बंदी जिनकी जमानत हो गई है जमानतदार दाखिल नहीं कर पा रहे हैं वह बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते है उनकी रिहाई हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्यवाही करेगा ।अपर जिला जज द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें तथा जिन बंदियो की न्यायालय से जमानत हो गई है परन्तु जमानतदार न होने के कारण कारागार में निरुद्ध है उनकी रिहाई हेतु आवश्यक पैरवी करें।इस अवसर जेलर संजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर अलका व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

समाज जागरण ,संवाददाता

पाली,हरदोई। शाहाबाद मार्ग पर गोपालपुर गावं के पास बाजार करके बाइक से घर वापस जा रहे एक व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे शाहाबाद सीएचसी भेजा गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बाइक चालक हेलमेट नही लगाए था।

पाली थाने के परेली गावं निवासी नबले (45) शनिवार की शाम को पाली बाजार गया था। वापस घर लौटते समय पाली-शाहाबाद मार्ग पर गोपालपुर पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे शाहाबाद सीएचसी भेजा गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक चालक नशे में था, और हेलमेट भी नही लगाए था।

## विभिन्न कार्यो की समीक्षा बैठक 09 अक्टूबर को

समाज जागरण ,आलोक सिंह

हरदोई।मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा 09 अक्टूबर 2023 को विभिन्न कार्यो के समीक्षा बैठक की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 03 बजे से मिशन कायाकल्प के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों लर्निग लैब एवं प्राथमिक/उ0प्रा0वि0 एवं पंचायत भवनों की समीक्षा बैठक की जायेगी। इसी के साथ ही सायं 04 बजे से मनरेगा, 05 बजे से आवास, 05.30 बजे से लोकेश ऐप फीडिंग टी0एच0आर प्लांट संचालन की समीक्षा, 06 बजे से पंचायती राज विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा तथा 6.30 बजे से गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक की जायेगी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त बैठक हेतु नियत तिथि व समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## गैर जनपद स्थानांतरण के बाद भी मल्लावां कोतवाली का मोह नही छोड़ रहे इंस्पेक्टर

समाज जागरण,कमलेश कुमार

मल्लावां,हरदोई।कोतवाली में अतिरिक्त में तैनात इंस्पेक्टर का दूसरे जनपद में तबादला होने के बाद भी कोतवाली छोड़ने का नाम नहीं ले रहे है।जब कि पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश थे कि तत्काल रवानगी की जाए।लेकिन इंस्पेक्टर साहब विभाग को ढेंगा दिखाते नजर आ रहे है।

आपको बतादे कि जनपद में अचानक हुए तबादले के बाद विभाग में हड़कंप मच गया।उसी क्रम में कोतवाली में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह का जनपद लखीमपुर खीरी तबादला हुआ था।लेकिन अपनी कार्यशैली के चलते कोतवाली छोड़ने का नाम नहीं ले रहे है। जबकि पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी के सख्त निर्देश दे कि तबादला होने के बाद रवानगी की जाए। लेकिन इंस्पेक्टर साहब पुलिस अधीक्षक के आदेशों को ढेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं।जबकि शासन की गाइडलाइन के अनुसार तबादले के तत्काल बाद रवानगी की जाए।लेकिन अतिरिक्त कोतवाल आलोक सिंह कमाई के कारण कोतवाली छोड़ना नहीं चाहते।

### प्रतियोगिताओं से बच्चों के शारीरिक वा मानसिक विकास में होती है वृद्धि, ऋषभ पोरवाल,

कुठौंद जालौन, हिमालय वैली इंटरनेशनल स्कूल धराना में लेमन रेस प्रतियोगिता कराई गई जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में दो सौ दस बच्चों ने भाग लिया। उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्रों को प्रबंधक रिषभ पोरवाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा प्रतियोगिताओं से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है साथ ही बच्चे फिजिकली फिट रहने के साथी मानसिक रूप से भी स्ट्रांग रहते है। प्रधानाचार्य एन के मिश्रा द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया वा जीवन में प्रतियोगिताओं के महत्व के बारे में बच्चों को समझाया इस मौके पर एकेडमिक इंचार्ज राहुल सिंह बीपी सिंह धर्मेंद्र मिश्रा समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सांडी में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों को जांच कर दी गयी दवाएं

समाज जागरण,सावन सैनी

साण्डी,हरदोई। नगर मे फैले भयंकर वायरल फीवर की बजह से आज मंडल साण्डी नगर के मोहल्ला रायटोला मे आज स्वास्थ्य विभाग टीम के द्वारा कैम्प लगवाकर वायरल फीवर ( बुखार )से ग्रसित मरीजो को जांच करवाकर लगभग 225 मरीजो को मुफ्त दवाई दिलबाई एवं नगर पालिका के ई ओ द्वारा भेजे गए पालिका कर्मियों द्वारा वार्ड की गली एवं नालियों मे एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया इस मौके पर डॉक्टर अनुज पाल ,फार्मसिस्ट हरीशंकर मिश्रा लैब टेक्निशियन रत्नेश यादव जी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम व भाजपा बूथ अध्यक्ष रायटोला ऊंचाटीला राम प्रताप गुप्ता बूथ महामंत्री रतीराम बर्मा , शक्ति केंद्र सयोजक रामकिशोर, खिड़किया बूथ अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, वार्ड सयोजक मनोज राठौर, आदि मौजूद रहे।



## संडीला में डेंगू बुखार से दो सगे भाइयों की मौत

### नगर पालिका ने नही कराया एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फागिंग

समाज जागरण संडीला, हरदोई। क्षेत्र में डेंगू , बुखार , मलेरिया , टाइफाइड ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है । कस्बे के शक्ति नगर में दो सगे भाई डेंगू पॉजिटिव पाए गए दोनों ने लखनऊ के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### वही मोहल्ले में आधा सैकडा की संख्या मे बुखार की चपेट मे है।

संडीला कस्बे के मोहल्ला शक्तिनगर के निवासी ऋषि कुमार शुक्ला ने बताया की उनके बड़े बेटे जितेंद्र कुमार शुक्ला सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में शिक्षक थे छोटा बेटा सतेन्द्र शुक्ला रेलवे में तैनात थे दोनों बेटों को कई दिनों से बुखार आ रहा था । एक अक्टूबर को डेंगू की जांच कराई थी दोनों की जांच में डेंगू की पुष्टि हुई दोनों को नहट्ट कोठी स्थित जनता अस्पताल में भर्ती कराया था गुरुवार रात तबीयत खराब होने पर चिकित्सक ने दोनों भाइयों को लखनऊ के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया था ।
जहाँ गुरुवार की देर रात जीतेन्द्र की मौत हो गई 24 घंटे के अंदर ही छोटा भाई सतेन्द्र की इलाज के दौरान मौत हो गई वही एक ही परिवार के दो दो मृत्यु होने से परिवार मे कोहराम मच गया ।



वहीं नगर पालिका परिषद ने अभी तक नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव एवं न ही फागिंग ही कराई है ।पूरे नगर में कई घरों में लोग बुखार एवं टाइफाइड , डेंगू एवं मलेरिया से पीड़ित है मोहल्ला शक्तिनगर में डेंगू प्रभावित दो नवयुवकों की मौत की सूचना प्राप्त होते ही आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर सरिता रावत के नेतृत्व में पांच सदस्य टीम ने शक्ति नगर मोहल्ले पहुंचकर लोगों की जांच एवं उपचार किया साथ ही सीएचसी संडीला के अधीक्षक डॉ शरद वैश्य द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संडीला को प्रभावित क्षेत्र में सघन फागिंग, एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करवाने एवं नालियों की तथा जमा पानी की साफ सफाई करवाने हेतु भी कहा गया है।

## डीएम की अध्यक्षता मे हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

### शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी:-डीएम

समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई। तहसील सण्डीला में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पैमाइश से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जमीन से संबंधित विवादों को लम्बित न रखा जाए। राजस्व व पुलिस विभाग की टीमें मौके पर जाकर जाँच करें। भूमि से संबंधित विवादों के निस्तारण की प्रति सप्ताह समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का नियमित निस्तारण किया जाए ताकि शिकायतों की संख्या न बढ़े। गरीबों की पट्टे एवं अन्य सरकारी भूमि पर अवैध रूप से किये कब्जों को संबंधित क्षेत्र के नायब तहसीलदार, कानूनगों तथा लेखपालों को निर्देश दिये कि पुलिस बल के साथ टीम बनाकर सभी सरकारी भूमि को खाली कराकर कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करें। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी को 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपराध से संबंधित शिकायतों पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गरीबों की एवं अन्य सरकारी भूमि पर कब्जा करने, सताने तथा धमकी देने वाले अपराधियों को चिहिंत करें और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सण्डीला तान्या सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक नारायण सिंह जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## स्कूली बच्चों की मैजिक अनियंत्रित होकर खाई में पलटी

समाज जागरण प्रशांत तिवारी

हरपालपुर,हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के मगरौरा-कुसुमखोर मार्ग पर सिया गांव के पास एक तेज रफ्तार मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई।जबकि स्कूल के बंच्चो को घर छोड़ने के बाद हुई इस घटना से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार सेंट लॉरेंस पब्लिक स्कूल श्रीमऊ के बंच्चो को घर से लाने व ले जाने बाली मैजिक शनिवार को उस समय मंगरौरा-कुसुमखोर मार्ग पर उस समय पलट गई जब वह बच्चों को घरों पर छोड़कर वापस जा रही थी।मैजिक पर बंच्चो के न होने से बड़ा हादसा टल गया।बताया जा रहा है कि मैजिक मगरौरा गांव में स्कूली बच्चों को छोड़ने गयी थी जहां से वापस लौटते समय सिया गांव की तरफ जा रही थी। गांव के किनारे पहुंचने पर ड्राइवर की लापरवाही के चलते मैजिक होकर खाई में पलट गई। फिलहाल किसी को कोई चोट नही आई।



## राष्ट्रीय आय आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग का शुभारम्भ

समाज जागरण,कमलेश कुमार

मल्लावां,हरदोई । ग्राम गंज जलालाबाद में एचसीएल फाउंडेशन के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं में अंकिता, लक्ष्मी, यश, हेमन्त, राधेश्याम व सुमित को समाज सेवी नरेश दीक्षित व ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित के द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित ने घोषणा की है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान कराई जाएगी। इस घोषणा से छात्रों और अभिवावको ने करतल ध्वनि से खुशी व्यक्त की। यह व्यवस्था प्रधान अभिषेक दीक्षित अपनी निजी निधि से करेंगे। एचसीएल से आये हुए सौरभ ने इस कार्य के लिए प्रधान अभिषेक की प्रशंसा की है और अभिभावकों से इसमें सहयोग करने को कहा है। अभिभावक इस निशुल्क कोचिंग में पढ़ने के लिए अपने बच्चों को भेजें। गंज जलालाबाद कम्पोजिट विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकों में रीना कन्नौजिया व राजेश राजपूत ने छात्रो और अभिभावकों को सराहनीय ढंग से प्रोत्साहित किया। प्रधान जी ने बताया कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई पब्लिक लाइब्रेरी एन्ड रिसोर्स सेंटर में बालकृष्ण बाजपेयी व सुनील मिश्रा द्वारा छात्रों को कोचिंग दी जाएगी साथ ही सप्ताह में एक दिन चलचित्र द्वारा ज्ञान वर्धक वीडियो दिखाए जाएंगे। छात्रों को लाइब्रेरी में प्रतियोग्यता परिक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें भी उपलब्ध होगी। यहाँ के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में जाने के लिए निःशुल्क साधन भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा और भी जो आवश्यकता होगी उसे पूर्ण किया जाएगा। ग्राम की इस लायब्रेरी में ग्रामवासियों को दैनिक समाचार पत्रों के साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य ज्ञान वर्धन के लिए निशुल्क पुस्तके पढने को उपलब्ध होगी। इस बैठक में करुणा शंकर दीक्षित, सुनील मिश्रा, बाल कृष्ण बाजपेई रमाशंकर, योगेश कटियार, राम सागर तिवारी,सुरेंद्र कुशवाहा, राजू सहित विद्यालय की प्रधानाचार्य मधुबाला, रीना कनौजिया, राजेश कुमार, संध्या कटियार बीरेंद्र कुमार, सुमित , राजीव कुमार निषाद,अंजली राजपूत,माण्डवी , दिव्या कुशवाह रश्मि सिंह, अनुज,पिंकी कटियार, अर्चनादेवी,कंचनलता, आशीष दीक्षित एवं अभिवावक गण उपस्थिति थे।

# अस्पताल में मारपीट तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ केस

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी नारियल स्थित रोहित नगर कॉलोनी में साइ मेडिसिटी अस्पताल में कर्मचारियों के साथ मारपीट तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात के खिलाफ लंका थाने में अस्पताल के मैनेजर विनय सिंह की शिकायत पर मुकदमा की दर्ज किया गया। विनय सिंह का आरोप है कि शुक्रवार की रात में रोहित नगर मोहल्ले का रहने वाला अब्दुल हफीज को सीने में दर्द होने की शिकायत पर भर्ती उसके परिजनों ने किया। अस्पताल के डॉक्टर जांच के बाद उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया।इस बात से नाराज होकर उसके साथ आए युवकों ने स्टाफ नर्स आईसीयू में तैनात कर्मचारी मेडिकल काउंटर पर बैठे कर्मचारियों और मैनेजर की पिटाई करने लगे।कुर्सी टेबल उठाकर फेंकने लगे। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हो गय।.

# प्रशिक्षण शिविर का समापन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अंग्रेजी विषय के सहायक अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण' का आज शनिवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण संयोजक डा. अमित कुमार ने बताया कि तीन दिन तक चले प्रशिक्षण में विविध सत्रों का आयोजन हुआ। डा0 अमित कुमार ने बताया कि इन सत्रों में अंग्रेजी भाषा के विविध कौशलो एवं प्रोज, पोएट्री, ड्रामा के अध्यापन कौशलों पर विस्तृत चर्चा हुई। अंग्रेजी भाषा के व्याकरण एवं उच्चारण विधियों पर भी विस्तृत ढंग से बताया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बदलते दौर वैश्वीकयुग में अंग्रेजी भाषा की उपयोगिता एवं सर्वग्राहफ्ता बताया गया। पुरा प्रशिक्षण माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों ध्यान में सम्पादित किया गया था। प्रशिक्षण में वाराणसी जनपद के राजनीय माध्यमिक एवं अशासकीय विद्यालयों के 100 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।
डायट के प्रभारी डॉ एल के त्रिपाठी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# सङ्गति का जीवन पर अमिट प्रभाव पड़ता है - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**विद्यार्थियों ने फव्वारा विधि से कृषि विषय पर परियोजना प्रस्तुत की**

सेंट जॉन्स स्कूल, सिद्दीकपुर, जौनपुर की सप्ताहांत प्रार्थना सभा में कक्षा सात स के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण के लिए फव्वारा विधि से खेती हेतु परियोजना प्रस्तुत की।प्रार्थना सभा का विषय सत्संगति था जिसपर विद्यार्थियों ने विशद प्रकाश डाला।अभिनव कुमार यादव ने सत्संग के महत्व पर



प्रकाश डाला एवं दिव्यांशी यादव ने कविता प्रस्तुत की।कक्षाध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव ने नैतिक कहानी का उदाहरण देकर सत्संग के महत्त्व को बताया।- विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैसी सङ्गति होती है वैसा स्वभाव बन जाता है।अच्छे के साथ अच्छा एवं बुरे के साथ रहने पर बुरा हो जाना स्वाभाविक ही है।विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपनी दिनचर्या एवं अपने साथ होनेवाली हर घटना का जिक्र अपनी माँ से जरूर करें।माँ की सीख से विवेक जाग्रत होगा और अच्छे बुरे की पहचान होगी।बुरे व्यक्ति से दूरी एवं अच्छे व्यक्ति से साथ बनाना ही हितकर है। प्रार्थना सभा में रिया ने दिन के प्रार्थना की एवं आरोही ने शपथ का नेतृत्व किया।तृष्णा गुप्ता ने दैनिक विचार एवं आशी श्रीवास्तव ने सूक्ति वचन प्रस्तुत किया।सगुन उपाध्याय एवं यशी गुप्ता ने परियोजना का संचालन किया।अन्त में आकृति पाल ने कक्षा सात स की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया।प्रार्थना सभा में आस्था गौतम एवं दिव्य वर्मा ने कुशल मंच संचालन किया।

## सेवार्थ सिद्धार्थ राय के ग्रुप ने विद्युत कर्मचारी के इलाज के लिए 24 घंटे से भी कम समय में दिए एक लाख रुपए

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीन उपकेंद्र पर कार्यरत कर्मचारी छितेश्वर गिरी के पुत्र अनिल गिरी जो की खुद उतराव द्वतीय फीडर के कर्मचारी पद पर कार्यरत है । उन्हें किड़नी और लिवर की समस्या के बाद उन्हें मऊ भर्ती किया गया फिर वहां से उन्हें वाराणसी रेफर किया गया ।



सिद्धार्थ राय को इसकी सूचना मिलते ही उन्होंने उनके ईलाज के लिए अपने विद्युत ग्रुप्स के सदस्यों से एक लाख रुपए तक अनिल गिरी के लिए सहयोग राशि मांगा । 24 घंटो से भी कम समय में ही सिद्धार्थ के विद्युत ग्रुप के सदस्यों के द्वारा एक लाख से ऊपर की सहयोग राशि जमा हो गई ।
पूरी सहयोग राशि छितेश्वर गिरी को उनके पुत्र अनिल गिरी के इलाज के लिए दे दी गई । उनका इलाज वाराणसी चल रहा है और उन्हें फीडर के सदस्यों के द्वारा आर्थिक के साथ साथ फिजिकल सहयोग भी मिल रहा । आगे भी छितेश्वर गिरी को जरूरत पड़ने पर उनकी सहायता करने का आश्वासन दिया गया ।

## अंकित राय ने अपने दादा स्व0गुप्तेश्वर राय की स्मृति में मां कष्टहरणी धाम में भेंट किया 8 पंखा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

स्व0 गुप्तेश्वर राय निवासी अठहठा जनपद गाजीपुर के पुण्य स्मृति में उनके पौत्र अंकित राय के द्वारा मां कष्ट हरणी धाम में आठ पंखा भेंट किया गया। पूर्व में भी अंकित राय के द्वारा मां कष्टहरणी के गर्भ गृह में एसी लगवाया गया था। अंकित राय जब सपरिवार मां के दर्शन करने आये तो उनको मां के गर्भ गृह में गर्मी का एहसास हुआ। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार बिकास राय से इस बारे में विचार विमर्श करने के बाद एसी लगाने का निर्णय लिया।सप्ताह के अंदर मुहम्मदाबाद से मैकेनिक आया और मां के गर्भ गृह में एसी लगा दिया था।इस बार भी अंकित राय को मंदिर के धर्मशाला में श्रद्धालु भक्तों को गर्मी से राहत के लिए पंखे पर्याप्त नहीं दिखे। शुक्रवार को उन्होंने मंदिर के पुजारी राजकुमार पाण्डेय को 8 पंखा भेंट किया।यह पंखे नवरात्र से पहले निर्धारित जगह पर लगा दिए जाएंगे।

## 11 व 12 को एमसीए की रिक्त सीटों पर काउंसिलिंग

ब्यूरो समाज जागरण सिद्दीकपुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विषयों में सत्र 2023-24 में प्रथम काउंसिलिंग के उपरान्त पीयू कैट/एकेटीयू से शेष बचीं सीटों पर द्वितीय एवं तृतीय काउंसिलिंग की तिथियां निर्धारित की गई हैं। एम.सी.ए. में प्रवेश हेतु आरक्षित वर्ग (एससी, एसटी, ओबीसी) के अभ्यर्थियों की द्वितीय काउंसिलिंग 11 अक्टूबर तथा शेष बची सीटों के लिए तृतीय काउंसिलिंग 12 अक्टूबर को होगी। एम.सी.ए. की काउंसिलिंग प्रातः 10 बजे से 12 तक इंजीनियरिंग संकाय के विश्वैश्वरैया हाल में होगी। यह जानकारी कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष ने दी है।

# शिव मन्दिर के 50वें स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित, जागरण व भंडारे का आयोजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**



मड़ियाहूं, जौनपुर। स्थानीय तहसील के खदेरनगंज बाजार स्थित शिव मंदिर का भव्य 50वां स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर मंदिर को फूल मालाओं व विद्युत झालरों से सजाया गया। श्रद्धालु देर रात तक दर्शन पूजन करते रहे। सुबह से सांध्य तक तक हरि कीर्तन के पश्चात भजन संध्या व विशाल भंडारा का आयोजन हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश गुप्त ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 50 वर्ष पूर्व स्व. डा. रामजी लाल विशारद व डा. आशा देवी ने किया था। भंडारे में आस–पास क्षेत्रों के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या में पूर्वांचल के प्रसिद्ध देवी गीत गायक अभिषेक मयंक ने "बम बम बोल रहा है काशी" गीत गाकर लोगों को मंत्र–मुग्ध कर दिया। गायक कलाकार निलेश एण्ड कम्पनी ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ खजड़ी सम्राट सत्य प्रकाश गुप्त "मुन्ना" व समाजसेवी विक्रम गुप्त ने गायक कलाकारों को स्मृति चिन्ह व चुनरी ओढ़ाकर किया। आगंतुओं का स्वागत समाजसेवी विक्रम गुप्त व विक्रांत गुप्त ने किया। अन्त में डा. विजय प्रकाश गुप्त ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गुप्ता व शेखर गुप्त ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्रवण गुप्ता, दिलीप गुप्ता, सुजीत गुप्ता, राजीव गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रज्जवल वैश्य, शाल्वी वैश्य, शिवांशी वैश्य, राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डा. अंजना सिंह, रमेश सिंह, अभिनेता पप्पू यादव, दीपक गुप्ता, कृष्ण कुमार सेठ, मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. उत्तम गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डा. मुकेश शुक्ला, जनरल सर्जन डा. पवन चौरसिया, पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रबन्धक संजीव सिंह, प्रधानाचार्य पंकज सिंह, जितेंद्र सिंह, शिवशंकर साहनी, राजू गुप्ता, कर्मचारी नेता निखिलेश सिंह, मोती लाल यादव, गोपाल श्रीवास्तव, वन्देश सिंह, सम्पादक संतोष सोनी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ के अध्यक्षता में 61 प्रार्थना पत्र आए, मात्र 5 मामलों का किया निबटारा

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**



जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में कांशीराम सामुदायिक भवन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जहां उनके समक्ष कुल 61 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर कुल 5 शिकायती पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को देखते हुए जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर ही समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुरूप व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाय। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई हैं, मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उपजिलाधिकारी तथा थाना प्रभारी को कहा कि जितने भी भूमि सम्बन्धित मामले हैं, उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि जमीन संबंधी मामलों का तत्काल निस्तारण करायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर ऋषभ देशराज पण्डरीक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार सहित जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## युवाओं को कौशल विकास से मिलती है आर्थिक मजबूती : कुलपति
## कुलपति ने कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**



सिद्दीकपुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का शनिवार को कुलपति प्रो. वन्दना सिंह ने निरीक्षण किया। केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से भी संवाद करते हुये कहा कि रोजगार और स्वरोजगार के लिए किसी न किसी क्षेत्र में कौशल होना अति आवश्यक है। यही कौशल युवाओं को आर्थिक रूप संपन्न बनाता हैं उन्होंने छात्राओं से कहा कि विवि द्वारा आप सभी को दिया जाने वाला यह प्रशिक्षण आपके आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। आज केंद्र और प्रदेश की सरकार युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास के लिए भी कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। विवि का यह केंद्र युवाओं के कौशल विकास के लिए निरंतर सुविधाएं उपलब्ध कराता रहेगा। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार ने केंद्र में संचालित हो रहे कौशल विकास के कार्यक्रमों से कुलपति को अवगत कराते हुये बताया कि केंद्र पर सिलाई मशीन ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, डोमेस्टिक, आईटी, हेल्प डेस्क अटेंडेंट तथा माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव का प्रशिक्षण जारी हैं। केंद्र का मुख्य उद्देश्य भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन के अंतर्गत विवि के आस-पास के ग्रामीण लोगों के कौशल संवर्धन तथा रोजगार की मुहिम को आगे बढ़ाना एवं उन्हें लाभ प्रदान करना है। इस अवसर पर श्रीनाथ यादव, राजन गुप्ता, संतोष यादव, अभिषेक यादव, गिरिजा देवी, सूर्यकान्त अस्थाना, मोङ्क दावर खान, प्रिया आदि उपस्थित रहे।

# पुत्र की दीघार्यु को माताओं ने रखा व्रत



आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया रसड़ा पुत्र की दीघार्यु सुखी एवं निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है। शुक्रवार को माताओं ने अपने पुत्र की दीघार्यु के लिए निर्जला व्रत रखा । महिलाओं ने श्रीनाथ बाबा सरोवर पर पहुंचकर स्नान कर मंदिरो में निर्जला रह कर पूजन खान ध्यान करने के बाद पूजा आरती किया साथ ही जीमूतवाहन व चील, सियार की कथा का श्रवण किया कथा में बताया गया कि गंधर्वो के जीमूतवाहन एक नाग पुत्र शंखचूण की रक्षा के लिए स्वयं की बलि देने को तैयार हो गए गरुण ने उनके इस बहादुरी व बलिदान से प्रसन्न होकर नागों की बलि न लेने का वरदान दिया तभी से पुत्र की रक्षा के लिए महिलांए व्रत रखती हैं।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव ने कहा कि एनएम-आईसीपीएस मिशन ने सभी स्तरों पर महत्वपूर्ण परिणाम दिए हैं और मिशन हब प्रौद्योगिकी रुपांतरण की कुंजी है

टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (टीआईपीएस) की तीसरी राष्ट्रीय कार्यशाला में तकनीकी क्षेत्र में प्रौद्योगिकी रूपान्तरण के लिए अंतर-विषयी साइबर-भौतिक प्रणालियों (एनएम-आईसीपीएस) पर राष्ट्रीय मिशन के तहत स्थापित प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्रों (टीआईएच) के महत्व पर प्रकाश डाला गया।
इस कार्यशाला के समापन सत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव प्रोफेसर अभय करंदिकर ने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों में 25 स्थानों पर मिशन हब स्थापित किए गए हैं, जो कृषि, ऊर्जा, जल, परिवहन जैसी साइबर-भौतिक प्रणालियों के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम कर रहे हैं। 4 वर्ष की अवधि के बाद यह देखा जा सकता है कि मिशन ने न केवल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिणाम दिए हैं और उत्पाद विकसित किए हैं, बल्कि उच्च महत्व की पत्रिकाओं के वैज्ञानिक प्रकाशन में भी योगदान दिया है। उन्होंने इन हबों से जुड़े प्रौद्योगिकीविदों से यह आग्रह किया कि वे देश को महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी रुपांतरण को प्रचलन में लाने के लिए मिलकर काम करें।
डीएसटी के वरिष्ठ सलाहकार और विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) के सचिव डॉ. अखिलेश गुप्ता ने इन हबों के बीच अधिक-से-अधिक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने एवं स्थापित करने पर अधिक-से-अधिक ध्यान देने के लिए अन्य मंत्रालयों और विभागों के साथ गठबंधन किए जाने की जरूरत पर जोर दिया।
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी) के साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकी नवाचार हब (टीआईएच) सी3आई हब ने साइबर-भौतिक प्रणालियों (टीआईपीएस) में प्रौद्योगिकी नवाचार पर आयोजित इस तीसरी राष्ट्रीय कार्यशाला की मेजबानी की। इस कार्यशाला का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा अंतर-विषयी साइबर-भौतिक प्रणालियों (एनएम-आईसीपीएस) पर राष्ट्रीय मिशन के तहत किया गया था। आईआईटी कानपुर के कार्यवाहक निदेशक एस. गणेश ने कहा कि आईआईटी कानपुर में सी3आई हब छात्रों को प्रशिक्षित करने के माध्यम से दो-आयामी दृष्टिकोण उपलब्ध करा रहा है ताकि साइबर सुरक्षा पेशेवरों का एक समर्पित कैडर तैयार किया जा सके, जो संस्थाओं के अधिकारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर सके ताकि वे साइबर सुरक्षा की खतरों से भलीभांति अवगत हो सकें, और साइबर हमलों से बचाव कर सकें। आईआईटी कानपुर के सी3आई हब के परियोजना निदेशक प्रोफेसर मनींद्र अग्रवाल ने कहा कि सी3आई हब जो 25 टीआईएच में से एक है, भारत में अपनी तरह का पहला साइबर सुरक्षा केंद्र है। यह जल और सीवेज सिस्टम, पावर ग्रिड, परमाणु संयंत्रों और रॉकेट एवं मिसाइल नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के समाधान ढूंढने की प्रक्रिया में लगा है।

# सरकारी फरमान हवा हवाई, डॉक्टर नही लिख रहे है जेनेरिक दवाई

## जेनेरिक और ब्रॉडेड दवाओं की गुणवत्ता और असर में नही होता कोई अंतर

**सामाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। बीते दिनों बड़े ही जोर-शोर से सरकारी फरमान जारी किया गया था कि अब सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर्स जेनेरिक दवाइयां नही लिखेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह भी कहा गया था कि जेनेरिक दवा लिखने से परहेज करने वाले डॉक्टरों को अब लेने के देने पड़ने वाले हैं। वजह, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने देश के डॉक्टर्स के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए नियमों के मुताबिक अब देश के सभी डॉक्टर्स के लिए जेनेरिक दवाइयां प्रेस्क्रिप्शन में लिखना अनिवार्य होगा। अगर कोई भी डॉक्टर ऐसा नहीं करता है, तो उसके प्रैक्टिस लाइसेंस को भी अस्थायी तौर पर सस्पेंड किया जा सकता है। लाइसेंस सस्पेंड करने के अलावा कई अन्य दंड का भी प्रावधान किया गया है। नेशनल मेडिकल कमीशन के नए नियमों के अनुसार अब सभी डॉक्टर्स को जेनेरिक दवाएं लिखनी ही होगी। अगर कोई डॉक्टर ऐसा नहीं करता है, तो उसे दंडित भी किया जा सकेगा। एनएमसी ने डॉक्टर्स से यह भी कहा है कि वह ब्रॉडेड दवाओं को लिखने से भी बचें। बीते 2 अगस्त को ही एनएमसी ने नियमों का नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि भारत में जेनेरिक दवाएं ब्रॉडेड दवाओं की तुलना में 30 से 80 प्रतिशत तक सस्ती हैं। भारत में दवाइयों पर आम आदमी की जेब पर बड़ा भार पड़ता है। ऐसे में जेनेरिक दवाएं प्रेस्क्राइब करने पर हेल्थ पर होने वाले खर्च में काफी कमी आएगी। दरअसल, जेनेरिक और ब्रॉडेड दवाओं की गुणवत्ता और असर में कोई अंतर नहीं होती, लेकिन तमाम बड़ी कंपनियां ऊंची कीमत वाली दवाइयों को प्रेस्क्राइब करने के लिए काफी ऑफर चलाती रहती हैं। एनएमसी नियमों के अनुसार, डॉक्टर्स को जेनेरिक दवाएं ही लिखनी होगी। बार-बार आदेश का उल्लंघन करने पर डॉक्टर का प्रैक्टिस करने का लाइसेंस एक विशेष अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया जाएगा। साथ ही डॉक्टर्स को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह अगर किसी मरीज का पर्ची बना रहा यानी की प्रेस्क्रिप्शन लिख रहा है, तो वह उसे स्पष्ट भाषा में लिखे जो किसी से भी पढ़ा जा सके। नेशनल मेडिकल कमीशन ने आदेश दिया है कि दवाइयों के नाम अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में लिखा जाना चाहिए। अगर हैंडराइटिंग सही नहीं है, तो पर्ची को टाइप कराकर मरीज को प्रेस्क्रिप्शन दिया जाए। एनएमसी ने एक टेम्पलेट भी जारी किया है। इस टेम्पलेट का उपयोग नुस्खा लिखने के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। नेशनल मेडिकल कमीशन यानी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने आदेश में कहा कि अस्पतालों और डॉक्टर्स को मरीजों को जन औषधि केंद्रों और अन्य जेनेरिक फामेर्सी दुकानों से दवाएं खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। मेडिकल छात्रों और जनता को उनके ब्रांडेड समकक्षों के साथ जेनेरिक दवा की समानता के बारे में शिक्षित करना चाहिए। जेनेरिक दवाओं के प्रचार को बढ़ावा देनी चाहिए। खास बात तो यह है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के कड़े आदेश के बावजूद उसके आदेशों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, उसका पालन नही किया जा रहा है। सरसुन्दर लाल चिकित्सालय, शिवप्रसाद गुप्त अस्पताल, पंडित दीनदयाल राजकीय अस्पताल, राजकीय उच्चस्तरीय अस्पताल, मानसिक चिकित्सालय जैसे तमाम सरकारी अस्पताल के चिकित्सक खुलेआम बाहर से महंगी से मंहगी जांच-दवाई अपने चिन्हित, चिर-परिचित मेडिकल स्टोर्स, पैथोलॉजी पर जांच, दवाइयां लिख रहे है और अवैध तरीके से मोटी रकम की कमाई में लगे हुए है। नियमतः सरकारी अस्पताल में दवा प्रतिनिधियों का प्रवेश प्रतिबन्धित है। बावजूद इसके कोई भी ऐसा सरकारी अस्पताल नही बचा है जहां चिकित्सकों के चेम्बर से लेकर अस्पताल के अंदर-बाहर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिवों (दवा प्रतिनिधियों) का जमावड़ा नही लगता हो। कुछ चिकित्सक के चेम्बर के बाहर-भीतर तो दवा प्रतिनिधियों और पैथोलॉजी संचालकों के गुर्गे खुद ही मरीजो के पर्ची पर जांच, दवा लिख रहे है। इतना ही नही मरीजों को इस हिदायत के साथ अस्पताल से बाहर भेजा जाता है कि वह बताये गए मेडिकल स्टोर से दवा लें एवं चिन्हित पैथोलॉजी से ही जांच करवाएं। इसके बाद दवा और जांच रिपोर्ट दिखाकर तभी घर जाएं। कुछ चिकित्सक तो मरीज की पर्ची पर इस हैंड राइटिंग में दवा-जांच लिखते है कि कुछ देर बाद वह खुद ही नही पढ़ पाते है। ऐसा नही है कि यह सब प्रकिया नई चल रही है और अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारियों को पता ही नही है। लेकिन इन आदमखोर चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई कब होगी मसला यह बड़ा है। देखना यह है कि कुछ भगवान से शैतान का दर्जा प्राप्त करते जा रहें चिकित्सको पर जांचोपरांत कार्यवाई कब तक होती है, कितने चिकित्सको के प्रैक्टिस लाइसेंस निरस्त होते है और कब तक चिकित्सक गरीबो के इलाज पर्ची पर आसानी से पढ़ लिए जाने वाली भाषा में जेनरिक दवाएं और आवश्यकतानुसार ही जांच लिखते है।

**लापरवाही**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की खुलेआम उड़ रही हैं धज्जियाँ, मनमानी कर रहें है चिकित्सक

चिन्हित पैथोलॉजी से जांच और कमीशनखोर मेडिकल स्टोर्स से दवा नही लेने पर मरीजों के साथ होता है दुर्व्यवहार



## इजरायल पर हमास ने फिर किया बड़ा हमला, आधे घंटे में दागे 150 से अधिक रॉकेट, टॉप कमांडर को किया अगवा

यरुशलम. हमास के आतंकवादियों ने दावा किया कि उसने शनिवार रात को दोबारा इजरायल पर रॉकेट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और इस दौरान उसने करीब 30 मिनट में ही 150 से अधिक मिसाइल दागे. इजरायल के लिए परेशानी का सबब यह है कि उसके कई शीर्ष कमांडर सहित एक मंत्री के रिश्तेदार को हमास ने बंदी बना लिया है. इससे पहले, एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दौरान शनिवार सुबह को एक अभूतपूर्व अप्रत्याशित हमले में हमास के चरमपंथियों ने गाजा पट्टी के निकट इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागे और वहां दर्जनों लड़ाके भेजे, जिसमें कम से कम 200 लोग मारे गए हैं. इजराइल ने कहा कि वह अब हमास के साथ युद्धरत है और जवाबी कार्रवाई में गाजा पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं.

# 9 से 16 अक्टूबर तक बाधित रहेगी विद्युतापूर्ति : संतोष मिश्र

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर। नगर उत्तरी क्षेत्र जौनपुर में विद्युत विभाग द्वारा 9 से 16 अक्टूबर तक जर्जर तार, पोल बदलने का कार्य कराया जायेगा। 33/11 केवी अहियापुर से पोषित, 11 केवी पुरानी बाजार, वर्ल्ड बैंक, कोतवाली, सब्जी मण्डी, चौकिया, टाउन नम्बर 3 एवं टाउन नम्बर 2 से पोषित क्षेत्रों में 9 अक्टूबर को समय 10 बजे से सायं 5 बजे तक सामान्य विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी संतोष मिश्र अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड तृतीय जौनपुर ने दी है। साथ ही क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से कटौती अवधि में अपेक्षित सहयोग देने की अपील भी किया।

# छात्रसंघ राजनीति की नर्सरी है। पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह

**आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया**

रसडा.(बलिया)। छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर पूर्वांचल छात्र संघ



समिति की ओर से निकल गई पदयात्रा शुक्रवार की रात में मथुरा डिग्री कॉलेज रसड़ा पहुंची। मथुरा डिग्री कॉलेज के छात्र व पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह सहित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओ पूर्वांचल संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झन्नू को अंगवस्त्र व फूल माला से स्वागत किया। पहुंचने के बाद मथुरा डिग्री कॉलेज गेट पर नागेंद्र बहादुर सिंह ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओ व छात्रों के बीच संबोधन किया। पदयात्रा संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झन्नु ने कहा कि जब तक छात्रसंघ बहाल नहीं हो जाता है। तो तब तक हम लोगों का आंदोलन चलता रहेगा। पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह ने कहा छात्र संघ राजनीति की नर्सरी है। अगर छात्रसंघ नही होता हमारे जैसे माघ्यम वर्ग के लोग राजनीति में नहीं आ पाते। छात्रसंघ लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। विश्राम शालीमार मैरिज हॉल में किया गया। पुनह शनिवार की सुबह प्रारंभ हुई। मथुरा डिग्री कॉलेज के छात्रों ने नागेंद्र बहादुर सिंह को माला पहनाकर रवाना किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष गुलजार अहमद, छात्र नेता सरफराज अहमद, बादल कुमार राठौर, अरमान अंसारी, आदित्य प्रताप, सूरज गुप्ता, रोहित कुमार, आदर्श मिश्रा, सुमित कुमार वर्मा, प्रफुल्ल राज, विक्रांत, आदि लोगों उपस्थित रहे।

# आश्रम में संस्कृत के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या।

थाना रामजन्मभूमि अयोध्या अंतर्गत सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी की सीढियों पर स्थित एक आश्रम में संस्कृत के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सबसे पहले मृतक के बड़े भाई को हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।




रातेंद्र कुमार मिश्रा निवासी भैंसरहा थाना रामपुर नैकीन जिला सीढ़ी मध्य प्रदेश उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष का छात्र था। वह दो साल से यहां अपने भाई शास्त्री प्रथम वर्ष के छात्र शिवेंद्र मिश्रा के साथ रहता था। शनिवार की भर में 5:00 बजे शिवेंद्र जब उठा और अपने भाई के कमरे में गया तो वह छत पर लगे हुक में गमछे के सहारे लटकता हुआ मिला। आश्रम के महंत विमलेश दास ने बताया कि रातेंद्र होनहार छात्र था, वह पढ़ाई के साथ संगीत की भी शिक्षा ग्रहण कर रहा था। उसे कसरत करने का भी शौक था। उसे किसी तरह की समस्या थी यह उसके जानकारी या उनके जानकारी में नहीं है। थाना रामजन्मभूमि प्रभारी मणि शंकर शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टि या मामला आत्महत्या का लग रहा है

# कामाख्या धाम चौकी इंचार्ज लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर

अयोध्या।

जनपद के पश्चिम छोर पर स्थित बाबा बाजार थाना के कामाख्या धाम चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र आजाद को कार्यों में लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी राजकरण नैय्यर ने शिकायत मिलने पर उन्हें तलब किया था और उनकी कार्यशैली को नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।




# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या ।

तारुन पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश तिवारी ने बताया कि मामले में वांछित आरोपी दुर्गेश वर्मा उर्फ नरायण वर्मा पुत्र जोखू वर्मा निवासी ग्राम गुन्धौर कोतवाली बीकापुर को थानाध्यक्ष अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तारुन थाना क्षेत्र के कनकपुर झगरौली तिराहे से गिरफ्तार किया गया आरोपी का चलन करके न्यायालय रवाना किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 376, 504, एवं 506 आईपीसी का अभियोग तारुन थाने में पंजीकृत हुआ है।



## पुलिस ने वांछित गोवंश तश्कर को किया गया गिरफ्तार

**जनपद सोनभद्र समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

थाना बभनी पुलिस द्वारा थाना बभनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-89/23 धारा 3/5/8 गोवध अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 में वांछित अभियुक्त बंशीधर यादव पुत्र रामअधार यादव निवासी दुलंगी थाना रामचन्दरपुर जनपद बलरामपुर छत्तीसगढ़ को बभनी पुलिस द्वारा बभनी मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया । उक्त अभियुक्त उपरोक्त मुकदमें में वांछित चल रहा था जिसके विरूद्ध न्यायालय से एनबीडब्लू भी जारी किया गया था ।



## विशेष संचारी रोग के बारे में किया गया जागरूक

**समाज जागरण (जौनपुर)**

सरपतहां, जौनपुर। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर में विशेष संचारी रोग के बारे में प्रधानाचार्य डॉ अजेय प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को जागरूक



किया। साथ ही बताया कि विशेष संचारी या संक्रामक रोग वह है जो एक व्यक्ति या जानवर से दूसरे व्यक्ति में या सतह से एक व्यक्ति में फैलता है। इनमें सर्दी और फ्लू शामिल हैं। वायरस, बैक्टीरिया, कवक जैसे रोगजनक इन बीमारियों का कारण बनते हैं। संचारी रोग शारीरिक तरल पदार्थ, कीड़े के काटने, दूषित सतहों, पानी और खाद्य पदार्थों के संपर्क से या हवा के माध्यम से फैल सकते हैं। प्रधानाचार्य ने बच्चों से अपील किया कि आम जनमानस में और अपने आस–पड़ोस में संक्रमण से फैलने वाले रोगों के बारे में जागरूक करें और बचाव के बारे में बतायें। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य विनोद सिंह, संतोष सिंह, अजय सिंह, विनय त्रिपाठी, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, संतोष कुमार, धर्मदेव शर्मा, मनीष कुमार, राकेश सिंह, नवीन सिंह, राम बख्श सिंह, शिवानी सिंह, प्रगति सिंह, मनोज सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बदलापुर में ई रिक्शा चालक को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर जनपद के बदलापुर थाना क्षेत्र के मीरसादपुर पेट्रोल पंप के पास बीती रात्रि अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने ई रिक्शा चालक को गोली मार दी, प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि ई रिक्शा चालक बदलापुर से अपने घर जा रहा था जैसे ही वह मीरसादपुर के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे की पुलिया के पास घात लगाए बैठे अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर मौके से फरार हो गए। गोली रिक्शा चालक के जाँघ में लगी लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल अभिषेक भास्कर पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मुरादपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया

# राम भक्तों का इंतजार खत्म, जनवरी से विदेशी श्रद्धालु भी कर सकेंगे राममंदिर के लिए दान

अयोध्या।रामनगरी अयोध्या का नाम सुनते ही लोगों के मन में भगवान राम के प्रति श्रद्धा के भाव उमड़ पड़ते हैं।रामनगरी अयोध्या में जैसे-जैसे रामलला का भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो रहा है,वैसे-वैसे राम भक्त भी दिल खोलकर अपनी तिजोरी से रामलला के लिए दान कर रहे हैं।देश और दुनिया के हर राम भक्त चाहते हैं कि भव्य राममंदिर मंदिर निर्माण में कुछ ना कुछ दान दे।ऐसे में अब विदेश में रहने वाले राम भक्तों के लिए बड़ी खबर है।



जनवरी तक विदेशी रामभक्त दिल खोलकर रामलला के निमित्त दान कर सकेगें।जल्द ही दिल्ली में खोले गए खाते में लेनदेन की अनुमति मिलने वाली है।सरकारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद श्रीरामजन्म तीर्थ क्षेत्र का पंजीकरण हो गया है।पंजीकरण का प्रमाण पत्र मिलने के बाद विदेशों में रह रहे रामभक्त दान रामलला को दे सकेंगे।

बता दें कि दिल्ली के एसबीआई बैंक में खोले गए खाते के 3 वर्ष की अवधि फरवरी 2023 में होने के बाद प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।सरकारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद 28 सितंबर को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था।नियमानुसार आवेदन के 90 दिनों के विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रमाण पत्र दिया जाता है,जिसके बाद विदेश से रामभक्त रामलला को दान कर सकेंगे।

श्री राम जन्मभूमि कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि राम जन्मभूमि में एसबीआई का खाता खुले कई महीने हो गए हैं,लेकिन भारत सरकार को कुछ कानूनी प्रक्रिया के लिए फॉर्म अप्लाई किया गया था,जिसकी स्वीकृत मिलने वाली है। जनवरी माह से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि विदेश में बैठे रामभक्त अयोध्या में बन रहे अपने आराध्य के भव्य मंदिर निर्माण में दिल खोलकर दान दे सकेंगे।

# जिला अस्पताल के सामने निजी एंबुलेंसों का लगता है डेरा

अयोध्या।

जिला अस्पताल के सामने से निजी एंबुलेंसों को जिला अस्पताल प्रशासन नही हटवा सका और अप्रैल माह में जारी किया गया डिप्टी सीएम का फरमान बौना साबित हुआ। अभी भी यह एंबुलेंस डेरा जमाए हैं और मरीजों का शोषण कर रहे हैं।

जिला अस्पताल के सामने काफी अरसे से विभिन्न अस्पतालों की निजी एंबुलेंस जमा रहती हैं। इनके लोग भी वार्डों में फैले रहते हैं और मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराने व शवों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए तीमारदारों से मोटी रकम वसूलते हैं। साथ ही निजी अस्पतालों में ले जाकर वहां भी कमीशनखोरी करते हैं।

ऐसे मामले प्रायः सामने आने के बाद अप्रैल माह में ही उप मुख्यमंत्री




ब्रजेश पाठक ने सभी सरकारी अस्पतालों के बाहर से खड़ी निजी एंबुलेंस को हटवाने के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने अस्पताल प्रशासन, नगर निगम के साथ जिला प्रशासन को भी जिम्मेदारी दी थी। लेकिन यह फरमान महज कागजी बनकर सीमित रहा और बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल के बाहर निजी एंबुलेंस शोभा बढ़ा रही हैं। कभी-कभी तो यह एंबुलेंस परिसर के भीतर भी खड़ी देखी जाती हैं और उनके चालक इमरजेंसी ओपीडी के इर्द-गिर्द व साइकिल स्टैंड प्रायः जमा रहते हैं।

जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ बृज कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस की मदद से एक बार इन्हें हटवाया गया था, पुनः यह लोग लाकर खड़ी कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन को पत्राचार किया गया है।

# तलाकशुदा पत्नी को पती ने कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट, बेटे को भी किया घायल

संतकबीर नगर।उत्तर प्रदेश के संतकबीर नगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के बढ़या गांव में देर रात्रि एक पति ने अपनी तलाकशुदा पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया।इस दौरान उसने बेटे को भी हमला कर घायल कर दिया।पति ने अपनी पत्नी को कुछ समय पहले तलाक दे दिया था। इसी को लेकर गांव में पंचायत होने वाली थी।घटना को लेकर पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

**यह है मामला**

बढ़या गांव में तलाकशुदा महिला 55 वर्षीय ताहरा खातून पर पति सई मोहम्मद ने शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 12 बजे कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।हमले में ताहरा गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोग सिद्धार्थनगर के एक निजी अस्पताल में ले गए,लेकिन ताहरा की मौत हो गई।



**मेडिकल कॉलेज में चल रहा बेटे का इलाज**

घटना में आरोपित सई मोहम्मद ने अपने छोटे बेटे 20 वर्षीय इसरार पर भी कुल्हाड़ी से हमला किया।हमले में इसरार गंभीर रूप से घायल है। इसरार को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आरोपित सई मोहम्मद फरार है।

# मिल्कीपुर विधायक और तहसीलदार की आपस में गाडियां टकराई

## पूर्व मंत्री व मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद,तहसीलदार सहित कई अन्य दुर्घटना में बाल-बाल बचे

अयोध्या।

जनपद के थाना पूराकलंदर क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानी बाजार के निकट ओवरब्रिज पर मिल्कीपुर विधायक व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद तथा तहसीलदार मिल्कीपुर की गाड़ियां आमने-सामने से टकरा गईं। भीषण रूप से हुई इस दुर्घटना में दोनों गाड़ियों पर सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।

मिल्कीपुर विधायक प्रतिनिधि अमित प्रसाद ने बताया कि मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद अयोध्या से अपने विधानसभा क्षेत्र में एक शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधने जा रहे थे तभी हाईवे रानी बाजार ओवरब्रिज पर विपरीत दिशा से मिल्कीपुर तहसीलदार प्रदीप कुमार की गाड़ी ने विधायक की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दिया।दुर्घटना में




विधायक अवधेश प्रसाद के साथ-साथ तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार,नायब तहसीलदार श्वेताभ सिंह व आनंद प्रकाश राय बाल-बाल बच गए।

घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री के सैकड़ो समर्थक घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।मौके पर पहुंची थाना पूराकलंदर की पुलिस ने दुर्घटना में दोनों पक्षों में से किसी के घायल न होने से राहत की सांस लिया और सड़क पर लगे जाम को खुलवाते हुए आवागमन को बहाल कराया। दुर्घटना के बाद मिल्कीपुर विधायक व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरी गाड़ी से रवाना हो गए।

# पिकप चालक को गोली मार कर छिनैती

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के जाम गांव के पास बीती आधी रात हो मुर्गी का बच्चा लादकर एक पिकअप चालक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। उसके पास में रखा 2हजार नगद व एक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर सिकरारा व बक्षा के थानेदार मौके पर पहुंच गए। घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताते है कि वाराणसी जनपद के चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दोराहा गांव निवासी 40 वर्षी धर्मेंद्र कुमार यादव पुत्र बंसराज यादव मुर्गी का बच्चा अपने बोलोरो पिकअप में लादकर वाराणसी से सतहरिया जा रहा था कि जैसे ही धर्मेंद्र ने अपनी गाड़ी हाईवे के नीचे सतारिया जाने के लिए उतरी तभी बाइक पर सवार बदमाशों ने उसका पीछा कर लिया और ओवरटेक करके जाम गांव के पास रोक लिया और तमंचे से उसके पैर में गोली मार दी, उसके पास रखा 2000 नगद वह मोबाइल लेकर फरार हो गए मौके पर पहुंचे एक ट्रक चालक ने घटना की सूचना पुलिस को दिया, जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची उसे सदर अस्पताल पहुंचाया।

बताया जाता है की गोली उसके दाहिने जांघ में लगी थी जो इस पार से उसे पर हो गई थी घायल का घर वाराणसी होने के कारण परिजनों ने उसे रेफर करवा लिया। घायल की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पिकअप गाड़ी को थाने पर खड़ी करा लिया गया है, उसमें लादे गए मुर्गी के बच्चों को मलिक को बुलाकर दे दिया गया है।

# चोरी व हेरा फेरी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सामाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/रोहनिया। नगर पंचायत गंगापुर डीह बाबा के पास रोहनिया पुलिस ने चोरी करने व चोरी के समान की हेरा फेरी करने वाले नगर पंचायत गंगापुर निवासी विक्की सेठ नामक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।आरोपी पर एक मामला रोहनिया थाने में तथा दो मामले सिगरा थाना दर्ज है।



# आघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं के सामने रोजी रोटी का संकट

**समाज जागरण**

चन्दौली पड़ाव क्षेत्र मे इस समय बिजली आपूर्ति अपने बदतर से भी बदतर के दौर मे है कयोंकि हालात यह हो गया है की बिजली कब आ रही कब जा रही है किसी को कुछ पता नही हर घन्टे लगातार कटौती होने से कारखान वाले पूरी तरह से परेशान हो चुके है और सबसे ज्यादा मजदूर वर्ग को परेशान होना पड़ रहा है यह ऐसे मजदूर है जो ठीके पर काम करते है जैसे जितना करोगे उतना ही पाओगे ऐसे मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया हैं। बिजली विभाग को ऐसे मजदूरों की कोई चिन्ता नही है लगातार कटौती होने से काफी कारखाने बन्द होने के कगार पर है और इस समय पड़ाव क्षेत्र मे बड़ी संख्या मे ऐसे कारखाने है जिन्हे बिना लाईट के चलाया नही जा सकता है बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का कहना है विभाग अगर कटौती करना ही चाहता है तो करे मगर सूचना दे कर कटौती की जाए ताकी सभी को मालूम रहे बार बार कटौती से अच्छा है की एक बार सूचना दे कर कटौती की जाए पड़ाव क्षेत्र वासी अधिकारीयों के यहां चक्कर लगा कर थक चुकें है इस सम्बन्ध मे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने सम्बन्धि अधिकारीयों से संज्ञान मे लेकर तुरंत कार्रवाही की मांग किया है।

# जमीनी विवाद को लेकर 30 अगस्त को हो चुकी है मारपीट

## पूर्व विधान परिषद सदस्य लीलावती कुशवाहा व उनकी पुत्रियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या।

कैंट थाना पुलिस ने विशेष न्यायधीश एससी/एसटी एक्ट अदालत के आदेश पर सपा की पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा और उनकी दोनों पुत्रियों समेत अन्य के खिलाफ हमला कर गंभीर रूप से घायल करने समेत 11 धाराओं में रिपोर्ट पंजीकृत की है। जमीनी विवाद को लेकर 30 अगस्त को मारपीट हुई थी, जिसमें एक पक्ष की ही रिपोर्ट दर्ज हो पाई थी।

पीड़िता कैंट थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा,खोजनपुर (गद्दोपुर) निवासी दलित वैष्णवी पुत्री राम औतार का कहना है उसके घर के पिछवाड़े मकान बनवा रहने वाली पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा पत्नी श्रीमल मौर्या उसकी जमीन और मकान पर अवैध कब्जा की कोशिश में रहती हैं। इसी को लेकर 30 अगस्त की दोपहर 12 बजे वह अपनी पुत्रियों अलका व आस्था कुशवाहा के साथ लाठी-डंडा,लोहे की राड आदि से लैस होकर व



मिस्त्री मजदूर आदि को लेकर उसकी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे के लिए निर्माण कराने लगीं,पिता राम औतार ने विरोध किया तो उनका परिवार जाति सूचक गाली देते हुए जानलेवा हमला कर दिया। घर में घुसकर मारापीटा और तोड़फोड़ की।

बीच-बचाव करने पहुंचे भाई अभिषेक कुमार व बहन रूबी की भी पिटाई की तथा पिता को मरणासन्न कर दिया। मेडिकल रिपोर्ट और शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की,केवल उस दिन सुबह हुए हमले के मामले में हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली और दूसरी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय घ्याल पिता, भाई व बहन तथा नाबालिग मानसी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। शुक्रवार को सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर कैंट पुलिस ने तीन को नामजद करते हुए हमला कर गंभीर रूप से घायल करने, मारपीट समेत अन्य व एससी/एसटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# पंचायत भवन से कंप्यूटर, इनवर्टर सहित दो लाख का सामान हुआ चोरी

अयोध्या ।

कुमारगंज थाने के ग्राम घोड़वल के पंचायत भवन का ताला तोड़ कर चोरों ने कंप्यूटर, इनवर्टर, बैट्री, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सामान पार कर दिया। चोरी के घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों एवं पंचायत सहायक के पंचायत भवन पहुंचने पर हुई। पंचायत भवन में चोरी की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव ने घटना की सूचना देवगांव चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मनीष चतुवेर्दी ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

अमानीगंज ब्लॉक के ग्राम घोड़वल के प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने बताया कि देर रात पंचायत भवन का ताला तोड़कर कर चोरों ने लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब पंचायत भवन की ओर ग्रामीण गए तो देखें कि भवन का ताला टूटा है, कुछ सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है। प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने घटना की जानकारी पंचायत सचिव को दी। सूचना मिलने के बाद पंचायत सचिव भी मौके पर पहुंच गए। पंचायत सचिव के साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार यादव थाना कुमारगंज पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कुमारगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि घोड़वल पंचायत भवन में हुई चोरी की तहरीर प्रधान प्रतिनिधि ने दी गई है। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।



# खेत में बिजली के चपेट में आने से महिला किसान की मौत

अयोध्या ।

बिजली के करंट की चपेट में आकर महिला किसान की मौत हो गई, महिला अपने खेत में हरे धान की फसल शहादा काटने गई थी पड़ोसी ने अपने खेत के फसल की सुरक्षा के लिए बिजली का तार लगाया था बिजली के तार की चपेट में आकर करंट से महिला की मौत हो गई, मामला थाना क्षेत्र के बेला गांव का है घटना दिन में करीब लगभग 11:30 के आसपास ही है ग्रामीणों के अनुसार गांव के निवासी रामदीन उर्फ साधु पुत्र शिव प्रसाद के द्वारा अपने खेत मैं फसल सुरक्षा के लिए विद्युत तार लगाया गया था जिसमें उनके द्वारा बगल जा रही एलटी लाइन से कटिया जोड़ दिया गया जिसकी जानकारी किसी को नहीं लगी आज दिन में करीब 11:30 बजे के आसपास गांव की अनीता पत्नी अवनीश यादव अपने खेत से धान की फसल शहादा काटने जा रही थी कि अचानक खेत में लगे तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई आनंद फानन में घर वालों ने महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज ले ले गए जहां पर डॉक्टरों ने महिला को मृतक घोषित कर दिया मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष के आसपास थे की थी जिसके दो पुत्री वह एक पुत्र है विद्युत करंट की चपेट में आने पर ग्रामीणों के द्वारा हल्ला गुहार करने पर बिजली कटे गई लोगों का कहना है कि खेत मालिक ने फर्जी तरीके से खेत में विद्युत प्रवाहित किया था इसके खिलाफ के विद्युत उपकेंद्र खेरालाल खान के और अभियंता के द्वारा थाने पर तहरीर दी है तथा मृतक के पति द्वारा भी लिखित तहरीर थाने पर दी गई है थाना प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया कि तहरीर मिली है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कार्रवाई की जा रही है

# पिकप चालक को गोली मार कर छिनैती

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के जाम गांव के पास बीती आधी रात हो मुर्गी का बच्चा लादकर एक पिकअप चालक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। उसके पास में रखा 2हजार नगद व एक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर सिकरारा व बक्षा के थानेदार मौके पर पहुंच गए। घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताते है कि वाराणसी जनपद के चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दोराहा गांव निवासी 40 वर्षी धर्मेंद्र कुमार यादव पुत्र बंसराज यादव मुर्गी का बच्चा अपने बोलोरो पिकअप में लादकर वाराणसी से सतहरिया जा रहा था कि जैसे ही धर्मेंद्र ने अपनी गाड़ी हाईवे के नीचे सतारिया जाने के लिए उतरी तभी बाइक पर सवार बदमाशों ने उसका पीछा कर लिया और ओवरटेक करके जाम गांव के पास रोक लिया और तमंचे से उसके पैर में गोली मार दी, उसके पास रखा 2000 नगद वह मोबाइल लेकर फरार हो गए मौके पर पहुंचे एक ट्रक चालक ने घटना की सूचना पुलिस को दिया, जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची उसे सदर अस्पताल पहुंचाया।

बताया जाता है की गोली उसके दाहिने जांघ में लगी थी जो इस पार से उसे पर हो गई थी घायल का घर वाराणसी होने के कारण परिजनों ने उसे रेफर करवा लिया। घायल की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पिकअप गाड़ी को थाने पर खड़ी करा लिया गया है, उसमें लादे गए मुर्गी के बच्चों को मलिक को बुलाकर दे दिया गया है।

# कौशल विकास से मिलती है आर्थिक मजबूती: कुलपति

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का शनिवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने निरीक्षण किया. केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से भी संवाद किया. कहा कि रोजगार और स्वरोजगार के लिए किसी न किसी क्षेत्र में कौशल होना अति आवश्यक है. यही कौशल युवाओं को आर्थिक रूप संपन्न बनाता है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आप सभी को दिया जाने वाला यह प्रशिक्षण आपके आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है. आज केंद्र और प्रदेश की सरकार युवाओं को शिक्षा के साथ ही साथ कौशल विकास के लिए भी कई योजनाएं संचालित कर रही है।. विश्वविद्यालय का यह केंद्र युवाओं के कौशल विकास के लिए निरंतर सुविधाएं उपलब्ध कराता रहेगा। नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि केंद्र पर सिलाई मशीन ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर , डोमेस्टिक, आईटी, हेल्पडेस्क अटेंडेंट तथा माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव का प्रशिक्षण जारी हैं। श्रीनाथ यादव, राजन गुप्ता, संतोष यादव, अभिषेक यादव, गिरिजा देवी, सूर्यकान्त अस्थाना, मोव दावर खान, प्रिया आदि उपस्थित रहे।



# 102 वर्ष पुरानी सेना शिक्षा कोर का पुन: मिलन समारोह हुआ आयोजित

**कैलाश वर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

रोहतक/पचमढ़ी- 102 वर्ष पुरानी सेना शिक्षा कोर के वेटरन्स और सेवारत सैनिकों ने 5 ,6,7 अक्टूबर 2023 को सेना शिक्षा कोर प्रशिक्षण कॉलेज और केंद्र पर धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ 11 वां पुनर मिलन समारोह जोश और हर्षोउल्लास के साथ मनाया । सेना शिक्षा कोर के इतिहास में यह मिलन समारोह, ऐतिहासिक रहा क्योंकि इस पुनर मिलन समारोह में सेना शिक्षा कोर के अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल (शिक्षा) मेजर जनरल पूताअर्जुनम सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण और वेटर्न्स भाग लेने के लिए पहुंचे थे। हरियाणा के रोहतक और रेवाड़ी से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक पुनर मिलन समारोह में पहुंचे थे। समारोह में पहुंचे सभी सैनिकों और उनके परिवारों में एक नया जोश और उमंग नजर आ रहा था। मिलन समारोह के प्रथम दिवस 5 अक्टूबर को सर्वप्रथम युद्ध स्मारक पर कोर के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित उन्हें नमन किया गया। तदोपरांत ग्रुप फोटो के साथ जलपान हुआ ।

केंद्र के ऑडिटोरियम में कोर की वीर नारियों और शहीदों के परिवारों को शिक्षा कोर के ए डी जी (शिक्षा )तथा प्रशिक्षण केंद्र के कमान्डेंट ने समारोह पूर्वक सम्मानित किया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर ए डी जी ई महोदय ने सभी को संबोधित करते हुए सबसे पहले सभी को पुनर मिलन समारोह में पहुंचने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कोर के भविष्य और रोल के बारे में सभी को विस्तार से जानकारियां दी।शाम को रेजीमेंटल बैंड ने मनमोहक प्रस्तुतियों द्वारा सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।शाम को भव्य ए ई सी भोज का आयोजन हुआ ।

6 अक्टूबर को चंपक एरिया में शानदार पिकनिक का आयोजन किया गया। शाय काल एक और मनमोहक म्यूजिक शो का आयोजन हुआ । इस शानदार आयोजन के लिए सेवारत अधिकारियों और सैनिकों ने वेटरेन्स की देखभाल में कोई कोर कसर नहीं छोडी.थी। विदाई के वक्त सभी वेटरन्स और उनके परिवारों को सुंदर उपहार भेंट किए गए । 7 अक्टूबर को दोपहर में सभी वेटरन्स खुशी खुशी अपने घरों को रवाना हुए।

# कर्मचारियों के भविष्य से नही होने दिया जाएगा खिलवाड़:-विनोद शर्मा

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**



चंडीगढ़(संदीप शर्मा)हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक जींद के रुपया चौक पर स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बूस्टिंग स्टेशन पर हुई । इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष चांदराम चहल ने की जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री विनोद शर्मा ने किया आज की बैठक में मुख्य रूप से मुख्य सलाहकार रमेश शर्मा, कर्मवीर संधू, संगठन प्रभारी देवीलाल गुराना, प्रदेश संगठन मंत्री दलबीर सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेश भट्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज कुमार ,प्रदेश सचिव संदीप पानू, कार्यकारिणी सदस्य अमित राजली के अलावा जिला जींद के सचिव इंद्र गांगोली, भारतीय मजदूर संघ जिला जींद के जिला मंत्री जितेंद्र वत्स,संगठन मंत्री नंदकिशोर डिगाना, आदि मौजूद रहे बैठक में निर्णय किया गया कि पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जन स्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत सभी श्रेणियां के कर्मचारियों को अभियान के दौरान सदस्यता दी जाएगी । बैठक में विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की मांगो व समस्याओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से विभाग में ठेकेदारी प्रथा के तहत लगे शेष कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में पोर्ट करवाना, सरकार द्वारा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों पर लागू करवाना तथा इन कर्मचारियों का वास्तविक अनुभव सत्यापित करवाने के साथ सातब एलडीएफ के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ दिलवाना ,जिन पदों की योग्यता हरियाणा प्रदेश के सेवा नियमों में मैट्रिक + आईटीआई उल्लेखित है उन पदों का वेतनमान 25500 करवाना तथा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा अबधि 60 वर्ष तक करवाना व सेवा के दौरान मृत्यु होने पर नौकरी का प्रावधान । इसके अलावा रणनीति पर विचार किया गया कि किस तरह विभाग में कार्यरत मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का एक मांग पत्र तैयार कर शीघ्र ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के माननीय मंत्री महोदय, अतिरिक्त मुख्य सचिव, व प्रमुख अभियंता से बैठक कर हल करवाने का प्रयास किया जाएगा । इस मीटिंग में यह भी फैसला लिया गया कि अगर शांतिपूर्ण तरीके से मांगी गई जायज मांगो का समाधान नहीं हुआ तो रूप रेखा तैयार कर हर स्तर पर आंदोलन किया जायेगा ।

# सुरक्षा के नाम पर कालका शहर की स्तिथि सवालों के घेरे में ।

## कोई भी अराजक तत्व आसानी से किसी घटना को अंजाम देकर दूसरे राज्य में आ जा सकता है

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

कालका(संदीप शर्मा) सुरक्षा व्यवस्था की अगर बात करें तो पिछले काफी दिनों में कालका शहर मे आपराधिक मामले होना एक आम घटना सी हो गयी है ,कही न कहीं अपराधियों के हौसले लगातार इतने बुलंद होते जा रहे हैं जिसका एक मुख्य कारण सीधे तौर पर बार्डर सीमा पर सुरक्षा के कोई इंतजामात का न होना है। हरियाणा हिमाचल की सीमा पर विदेशों तक विख्यात पांडवकालीन महामाई काली माता का सिद्धपीठ है।कुछ दिन में देश के बहुसंख्यक धर्म सनातन संस्कृति के अहम त्यौहार नवरात्रो के मद्देनजर हर वर्ष की भांति श्रद्धालुओं की तादाद में अत्यधिक बढ़ोतरी होना आम बात है। जहाँ इस सिद्ध पीठ पर शीश नवाने के लिए पूरा वर्ष श्रद्धालुओं की धर्मिक यात्रा चलती रहती है।इस काली माता सिद्ध पीठ के बाहर पिछले काफी समय से अनगिनत संख्या में भिखारियों की तादात में बढ़ोतरी देखी जा रही है जिसमे अनेकों महिलाओं बच्चों व सन्देहहस्पद व्यक्तियो ने यहाँ भीड़ का रूप ले लिया है जो यहाँ मांगने के नाम पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के कपड़े पाड़ने पर उतारू दिखाई देते हैं ,जहाँ मंदिर की सुरक्षा में मन्दिर की अपनी सुरक्षा एजेंसी द्वारा तैनात जवान इनको मन्दिर के अंदर तो नही जाने देते पर बीच सड़क से इनको हटाने में बेबस दिखाई देते हैं।क्योंकि उनकी सेवा का दायरा सिर्फ मन्दिर /सिद्ध पीठ कम्प्लेक्स तक ही सीमित है।जब काली माता मंदिर के सचिव से इस बारे बात की वो खुद इस विषय पर लाचार दिखाई दिए व कही न कही पुलिस प्रशासन के सहयोग की कमी उनके विचारों में भी साफ साफ झलक रही थी। अब कालका शहर की पुलिस ही नही पंचकूला पुलिस की करवाई पर सवालिया निशान उठने लाजमी है। आखिर बात जहाँ दो प्रदेशो की सीमा सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे की है।लेकिन यहाँ किसी प्रकार की संदिग्ध परिस्थितियों की चेकिंग होना तो दूर कोई पुलिस सुरक्षा कर्मी दिखाई नही देता।

दो प्रदेशों की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर ऐसे संवेदनशील हालातों में कोई भी अपराधीक प्रवर्ति का आदमी खुलेआम अपराध कर के एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में आसानी से जा सकता है।आखिर महज कुछ ही कदमों की दूरी पर पुलिस अधिकारी(ए.सी.पी.) के कार्यालय के साथ साथ कालका पुलिस थाना होने के बाद भी इन संदिग्ध भिखारियों पर पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है।आखिर ये लोग कहा से यहाँ आ रहे हैं,क्या ये अपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुवे लोग तो नही है या किसी साजिशन इस सिद्धपीठ पर या कालका शहर में कोई अपराधिक घटना को अंजाम देने के इंतजार में तो नही है। बात जब दो राज्यो की सीमा पर बसे शहर की हो और वहाँ सुरक्षा के इंतजामात के नाम पर खुलेआम बुलावे के लिए दरवाजे खुले हो तो उस शहर या प्रदेश की हालत गंभीर होना लाजमी है। आपको बता दे कुछ माह पहले कालका शहर के पिंजौर थाना क्षेत्र में ऐसे ही नाले में एक डेडबॉडी मिली थी जिसका सम्बन्ध भी पड़ोसी राज्य से पाया गया था।

# हरियाणा सरकार ने ग्रुप ए और ग्रुप बी पदों पर अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में दिया आरक्षण

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) - हरियाणा सरकार ने ग्रुप ए और ग्रुप बी पदों के सभी संवर्गों में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने का निर्णय लिया है।

मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने आज यहां जारी एक विस्तृत निर्देश में कहा कि नई नीति के तहत, राज्य सरकार अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में स्वीकृत पदों में से 20 प्रतिशत पद आरक्षित रखेगी।

किसी कैडर में सर्वोच्च पदोन्नति वाले पद को छोडकर, ग्रुप ए और ग्रुप बी के सभी पदों पर आरक्षण स्वीकार्य होंगे। हालाँकि, सर्वोच्च पदोन्नति पद के लिए लागू सेवा नियमों के अनुसार परस्पर वरिष्ठता को ध्यान में रखा जाएगा।

**न्यूनतम पद - लाभ तभी स्वीकार्य होगा जब दो या अधिक पदोन्नति पद उपलब्ध हों।**

कैडरवार कार्यान्वयन - स्वीकृत पदों की कुल संख्या को ध्यान में रखते हुए आरक्षण कैडरवार लागू किया जाएगा।

प्रतिनिधित्व मूल्यांकन - विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) और समूह ए या समूह बी पदोन्नति के लिए सक्षम प्राधिकारी पदोन्नति पदों पर अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के वर्तमान प्रतिनिधित्व की पर्याप्तता का निर्धारण करेंगे। यदि प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से कम है तो पदोन्नति कोटा पद उपलब्ध होने पर कमी को दूर किया जाएगा। पदोन्नति के माध्यम से भरे गए ग्रुप ए या ग्रुप बी पदों पर सभी एससी कर्मचारियों को नियुक्ति का तरीका जो भी हो, प्रतिनिधित्व के लिए विचार किया जाएगा।

कोई प्रत्यावर्तन नहीं - नॉन-एससी कर्मचारी, जिन्हें पहले ही ग्रुप ए या ग्रुप बी पदों पर पदोन्नत किया जा चुका है, उन्हें 20 प्रतिशत आरक्षण को पूरा करने के लिए वापस नहीं किया जाएगा, लेकिन कमी को दूर तब किया जाएगा जब पदोन्नति कोटा पद उपलब्ध होगा।

पदोन्नति से कोई वंचित नहीं - अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित नहीं किया जाएगा, भले ही 20 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पूरी हो गई हो।

रोस्टर अंक - सरकारी निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए सीधी भर्ती हेतु रोस्टर अंक लागू होंगे। ग्रुप सी और डी कर्मचारियों के लिए रोस्टर प्वाइंट या प्रतिस्थापन सिद्धांत के आवेदन के लिए दिशानिर्देशों का भी सख्ती से पालन किया जाएगा।

नॉन-एससी पदोन्नति - यदि कोई पात्र एससी कर्मचारी रोस्टर के अनुसार पदोन्नति के लिए उपलब्ध नहीं है तो किसी अन्य श्रेणी के पात्र कर्मचारी को पदोन्नत किया जा सकता है। अनुसूचित जाति कर्मचारी को पात्र होने पर एक अतिरिक्त पद पर समायोजित किया जाएगा।

परिणाम स्वरूप वरिष्ठता - पदोन्नति में आरक्षण से पदोन्नति पद पर वरिष्ठता प्रभावित नहीं होगी।

एसीपी वेतन स्तर - जहां संवर्ग में प्रतिशत-आधारित मानदंड मौजूद हैं, वहां एसीपी वेतन स्तर देने के लिए पदोन्नति में आरक्षण पर विचार नहीं किया जाएगा।

जरनैल सिंह बैच के मामले - चूंकि जरनैल सिंह बैच के मामले सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। इन निदेर्शों के अनुरूप जारी किए गए सभी पदोन्नति आदेश इन मामलों में न्यायालय द्वारा पारित किसी भी अगले आदेश के अधीन होंगे।

कड़ाई से अनुपालन - नियुक्ति प्राधिकारी इन निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के बाद ही पदोन्नति आदेश जारी करेगा।

प्रभावी तिथि - यह निर्देश तुरंत प्रभावी होगा और हरियाणा सरकार के तहत सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और वैधानिक निकायों पर लागू होगा। ग्रुप ए और ग्रुप बी पदों के लिए पदोन्नति में आरक्षण से संबंधित सभी पिछले निर्देश वापस ले लिए गए हैं।

# नवरात्रों से पहले मंदिरों को जाने वाले रास्ते ठीक करे सरकार-प्रदीप चौधरी, विधायक

कालका(संदीप शर्मा)कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा की नवरात्रों के मौके पर विधानसभा के कालका स्थित काली माता मंदिर, मोरनी और रायपुररानी के माता समलाशन देवी मंदिरों और छोटा त्रिलोकपुर के लिए माता शारदा देवी मंदिर के लिए जहां जहां सड़कों की खराब हालत है। उसे सही किया जाए। इसके अलावा और भी जो मंदिर है, जहां भक्तों की आवाजाही होती है। उनके भी रास्ते सही किए जाए।



विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा की माता के दर्शन करने के लिए भगत जन बड़ी श्रद्धा के साथ आते है, लेकिन टूटी हुई सड़कों की वजह से बड़ी दिक्कत झेलनी पड़ती है। यदि रास्ते सही होंगे तो श्रद्धालुओं को आवाजाही में आसानी होगी। चौधरी ने कहा की खासकर पैदल और दंडावत की मन्नत के साथ आते है, उन श्रद्धालुऔ को गड्ढों और रोड़ी बजरी के कारण उनकी यात्रा में बाधा आती है। वैसे तो सड़कों की तरफ ध्यान नही दिया जा रहा है। लेकिन कम से कम नवरात्रों के वक्त तो टूटी हुई सड़कों की मरम्मत पर ध्यान दिया जाए।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड के नीचे दबे लंकाई 'चीते', साउथ अफ्रीका का ODI WC में धांसू आगाज, पहले ही मैच में श्रीलंका को किया तार- तार

नई दिल्ली. वनडे वर्ल्डकप 2023 के शुरू होने से पहले जिस टीम को कोई ट्रॉफी जीत के प्रबल दावेदारों में शुमार नहीं कर रहा था, उस टीम ने अपने पहले ही मैच में रिकॉर्ड की बारिश कर विपक्षी टीमों को चेतावनी भेजी है. साउथ अफ्रीका ने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला ग्राउंड पर खेले गए अपने पहले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत के साथ वर्ल्ड कप में अदब के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है. इस मुकाबले में प्रोटियाज टीम की ओर से 3 बल्लेबाजों ने शतक ठोका जिसके दम पर साउथ अफ्रीका ने 428 रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर बनाया. यह वनडे विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है.

# राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा करेगा शानदार प्रदर्शन : मनीष ग्रोवर

## करीब 800 खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में अपना हुनर दिखाएंगे

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

पंचकूला(संदीप शर्मा)- 25 अक्टूबर से गोवा में होने वाले 37वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी को लेकर पंचकूला स्थित हरियाणा ओलंपिक भवन के कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय खेलों के हरियाणा इंचार्ज और ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष, पूर्व सहकारिता मंत्री श्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई नई खेल नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है, इस बार भी राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा का प्रदर्शन शानदार रहेगा।

प्रदेशभर से आए खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए खिलाड़ियों की ट्रायल, कैंप और अन्य सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि गोवा में 25 अक्टूबर से लेकर 9 नवंबर तक 37वें राष्ट्रीय खेल होने जा रहे हैं। 26 अक्टूबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों ने पूरी तैयारी की है। करीब 800 खिलाड़ियों का दल हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। 43 खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी भाग लेंगे। बैठक में आगामी दिनों में खिलाड़ियों के ट्रायल और कैंप को लेकर खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ योजना बनाई गई। सभी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाई जाएगी। ग्रोवर ने कहा कि बैठक में प्रत्येक खेल के पदाधिकारी से सुझाव आमंत्रित किए हैं। बैठक के बाद विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है, जो की खेल संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के साथ एक बेहतर कोऑर्डिनेशन सुनिश्चित करेगी ताकि किसी भी खिलाड़ी को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना आए। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी द्वारा बनाई गई खेल नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राष्ट्रीय खेलों से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ष 2022 में गुजरात में हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने देशभर में तृतीय स्थान हासिल किया था और इस बार पूरी उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे।

बैठक में राज्यसभा सांसद और हरियाणा कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण लाल पवार, हरियाणा ओलंपिक संघ के उप प्रधान सूरजपाल अम्मू, एसोसिएशन के महामंत्री नीरज तंवर, संयुक्त सचिव जगमेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजकमल ढांडा, हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रोहतास नांदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश, हरियाणा नेटबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कौशिक समेत विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# *हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मादक पदार्थों को पकड़ने के लिए 14 स्वान को विशेष प्रशिक्षण दिलवाया गया, जो अब संपूर्ण हरियाणा में नशा रोकने के लिए तैयार



पंचकूला(संदीप शर्मा) आज आई.टी.बी.पी. कांप्लेक्स भानू में 27वें नार्कोटिक्स कोर्स की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से पुलिस अधीक्षक कुमारी निकिता खट्टर, आई.पी.एस. रही। जबकि समारोह की अध्यक्षता आई.टी.बी.पी. के डी.आई.जी. डॉ. टेकचंद ने की। इस समारोह में हरियाणा राज्य के 14 स्वान एवं 14 स्वान हैंडलर व सहायक स्वान हैंडलर ने सलामी देकर अपना कोर्स पूर्ण किया। इस मौके पर प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है ताकि वह सभी हरियाणा राज्य में नशें की रोकथाम में बेहतर काम कर सकें। इनकी सुबह की शुरूआत पी.टी. से 5 बजकर 30 मिनट से होती थी। उसके बाद 8 बजकर 30 मिनट से 10 बजकर 45 मिनट तक परेड चलती थी। बीच बीच में विशेष अभ्यास कराए जाते थे। इन सभी स्वान को मादक पदार्थों को पकड़ने के विशेष तकनीक स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया है। इस कोर्स में मुख्य रूप से जैक, जस्सी, माहि, राकी, चार्ली, टाइगर, टफि, ब्रोना, इनि आदि ने सफल प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए आई. टी. बी. पी. के डी. आई. जी. डॉ. टेकचन्द ने कहा कि निश्चित रूप से स्वान मादक पदार्थों को पकड़वाने में मिल के पत्थर की भूमिका अदा करेंगे। जो इस प्रशिक्षण के दौरान यहा पर इनको सिखाया गया है वो भविष्य में बहुत काम आएगा। इन सभी स्वान की मदद से हमें समाज को नशा मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इनके लगातार अभ्यास समय समय पर करवायें जाए। इस अवसर पर प्रशिक्षण के पूरे होने के प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस समारोह में बोलते हुए कुमारी निकिता खट्टर, आई.पी.एस ने कहा कि जल्द ही यह सभी स्वान हरियाणा के विभिन्न जिलों में, रेलवे स्टेशन पर व अन्य नशें से लिप्त जगहों पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। जिस प्रकार का सपना हरियाणा सरकार व हरियाणा पुलिस का है कि हरियाणा नशा मुक्त रहें उसमें जल्द ही इनकी भूमिका जमीनी स्तर पर देखने को मिलेगी। समापन समारोह में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उप पुलिस अधीक्षक, अंबाला श्री जगबीर सिंह भी मौजूद रहे।

# सरकार को अनाज घटती का पैसा आढ़तियों से लेने की बजाएं सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारी या अनाज उठान के ठेकेदारों से रिकवरी करनी चाहिए- बजरंग गर्ग




हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड़ के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत अनाज मंडी में धान खरीद का जायजा लिया। सिरसा पहुंचने पर व्यापारियों ने बजरंग गर्ग का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बजरंग गर्ग ने कहा कि अनाज मंडियां हरियाणा मार्केट बोर्ड ने बनाई हुई है और मार्केट कमेटी के अधीन है। मंडी का आढ़ती मार्केट फीस, लाइसेंस फीस, जीएसटी आदि सारे प्रकार के टैक्स सरकार को दे रहा है। जब अनाज मंडी मार्केट कमेटी के अधीन है तो निकाय विभाग को अनाज मंडी के व्यापारियों से हाउस टैक्स लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अनाज की खरीद-बेच पर सरकार आढ़तियों से जीएसटी भरवाती है जबकि जीएसटी आढ़तियों की बजाएं सरकार को अनाज की खरीद करने वालों से लेना चाहिए क्योंकि आढ़ती तो किसान का अनाज बिकवाने के नाम पर सिर्फ अपना कमीशन लेता है। ऐसे में आढ़तियों से जीएसटी भरवाने का कोई औचित्य नहीं बनता है। श्री गर्ग ने यह भी कहा कि पी आर धान की एमएसपी 2203 रुपए है जिसका व्यापारियों को कमीशन 2.5 प्रतिशत के हिसाब से 55 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा बनता है। मगर सरकार आढ़तियों को 9 रुपए कम करके 46 रुपए कमीशन दे रही है जो सरासर गलत है। सरकार को हर अनाज की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके पहले की तरह 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन देना चाहिए। बजरंग गर्ग ने यह भी कहा कि किसान का अनाज सरकारी एजेंसी खरीद करती है ऐसे में अनाज के उठान में देरी होने से कई बार अनाज सूख जाने के कारण घटती आ जाती है। सरकार को घटती का पैसा आढ़तियों से ना लेकर सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों व अनाज उठान के ठेकेदारों से वसुलने चाहिए। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिला प्रधान व प्रदेश महासचिव हीरालाल शर्मा, प्रदेश उप प्रधान आनंद बियानी, प्रदेश सचिव सुधीर मलिक, अनाज मंडी प्रधान मनोहर लाल मेहता,उप प्रधान अनिल कनोडिया, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, तालमेल कमेटी के प्रधान राजेंद्र मलिक, मंडी अकाउंट एसोसिएशन प्रधान राकेश कुमार आदि व्यापारी नेताओं ने अपने विचार रखें।

# - ओबीसी वोट बैंक खिसकता देखकर भाजपा में घबराहट का माहौल : लाल बहादुर खोवाल

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : हिसार के कोर्ट कॉम्पलेक्स में आयोजित हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट की महत्वपूर्ण बैठक में वकीलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रतन सिंह पानू की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिन्दूत्व पर दिए गए बयान एवं महिला आरक्षण बिल सहित कई मुद्दों पर मंथन किया गया। बैठक में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को रावण के रूप में प्रदर्शित करके ओच्छी मानसिकता का परिचय दिया है। ऐसे कृत्यों के लिए आने वाले चुनावों में जनता, भाजपा को अवश्य सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने तथाकथित सोशल मीडिया प्लेटफार्म के द्वारा राहुल गांधी की छवि को खराब करने की कई बार कोशिश कर चुकी है लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है। खोवाल ने कहा कि जनता अब भाजपा की असलियत जान चुकी है। इसलिए भाजपा द्वारा रचे गए प्रपंचों का असर अब जनता पर नहीं होता है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी द्वारा महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए महिला आरक्षण बिल में कोटा के भीतर कोटा यानी ओबीसी को भी महिला आरक्षण बिल में आरक्षण देने की पैरवी की जा रही है। वे विभिन्न जनसभाओं में भी ओबीसी के हकों के बारे में बोलकर उनकी आवाज बुलंद कर रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा ओबीसी के हकों की बात करने से देश के प्रधानमंत्री तिलमिलाए हुए हैं। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा अपने आप को ओबीसी चेहरा दिखाकर पिछड़ा वर्ग को भ्रमित करके उनके वोट हथियाने का काम करते रहे थे लेकिन अब उन्हें एहसास हो गया है कि वे इस कार्य में सफल नहीं हो पाएंगे, इसलिए वे अब हिंदूत्व का राग अलाप रहे हैं, ताकि लोगों का ध्यान भटकाया जा सके। आज इस विषय पर भी चर्चा की गई कि राहुल गांधी ने कहा है कि हिंदू वही है जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्य निष्ठा से जीवन की यात्रा में भय रूपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखना है, भय उस पर कभी हावी नहीं हो पता। हिन्दू सभी प्राणियों से प्रेम करता है।वह जानता है कि इस महासागर में तैरने के हर प्राणी के अपने-अपने तरीके हैं। सबको अपनी राह पर चलने का अधिकार है।हिंदू सभी रास्तों से प्रेम करता है। सब का आदर करता है और उनकी उपस्थिति को बिल्कुप अपना मान कर स्वीकार करता है यह कहना है राहुल गांधी का। खोवाल ने बताया कि ओबीसी का वोट खिसकता हुआ देखकर भाजपा में घबराहट का माहौल है। इसलिए भाजपा धर्म व जाति के नाम पर देश को बांटने की ओच्छी राजनीति कर रही है।

# 09 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेले का आयोजन

07 अक्टूबर 2023 लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ मे 09 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें टाटा मोटर्स, पंतनगर, उत्तराखण्ड एवं जय भारत मारूति लि. अहमदाबाद गुजरात कंपनियां प्रतिभाग करेगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि दोनो कम्पनियों में जो अभ्यर्थी हाईस्कूल, इण्डटमीडिएट अथवा आईटीआई फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, पेन्टर जनरल एवं वायरमैन से उत्तीर्ण किया हो वे रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें कम्पनियो के अनुसार आयुसीमा 18 से 23 एवं 35 वर्ष तथा वेतन रुपए 12,270 से 18,200 प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, कैन्टीन एवं ट्रांसपोर्ट कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में केवल पुरूष अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। 2 कम्पनियों में कुल 600 पदों पर चयन किया जायेगा। इच्छूक अभ्यर्थी 09 अक्टूबर 2023 को अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

